रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25022020-216383
CG-DL-E-25022020-216383

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 53] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 21, 2020/फाल्गुन 02, 1941
No. 53] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 21, 2020/PHALGUNA 02, 1941

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 फरवरी, 2020

अंतिम जांच परिणाम

विषयः चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित "शीट ग्लास" के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जाँच की निर्णायक समीक्षा।

फा. सं. 7/10/2019-डीजीटीआर.—समय-समय पर यथा संशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे यहाँ आगे "अधिनियम" भी कहा गया है) और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की जाँच, मूल्यांकन एवं संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 (जिसे यहाँ आगे "नियमावली" भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए, निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे यहाँ आगे "प्राधिकारी" भी कहा गया है) ने चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध सामानों के संबंध में पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) निरंतर लगाये जाने की आवश्यकता की समीक्षा करने के लिए और यह जाँच करने के लिए कि उपर्युक्त शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग (डीआई) को पाटन और क्षति जारी रहने अथवा बार-बार होने की संभावना है, दिनांक 17 जुलाई, 2019 की अधिसूचना संख्या 7/10/2019-डीजीटीआर द्वारा निर्णायक समीक्षा जाँच शुरू की थी।

क. पृष्ठभूमि

1. प्राधिकारी को चीन जन. गण. (जिसे यहाँ आगे "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित "शीट ग्लास" (जिसे यहाँ आगे संबद्ध सामान अथवा "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "पीयूसी" भी कहा गया है) के आयातों के संबंध में 1995 में और उसके बाद यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क की जाँच, मूल्यांकन एवं संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1995 के तहत पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) की निर्णायक समीक्षा शुरू करने के लिए अनुरोध करते हुए मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. (जिसे यहाँ आगे "आवेदक" भी कहा गया है) से 19 जून, 2019 का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ।

2. मूल जाँच चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित शीट ग्लास के संबंध में घरेलू उद्योग (डीआई) पर पाटन एवं उसके क्षति कारक प्रभाव की मात्रा तथा प्रकृति की जाँच करने के लिए फाइल संख्या 14/22/2013-डीजीएडी द्वारा 20 दिसंबर, 2013 को शुरू की गई थी। प्राधिकारी ने दिनांक 19 दिसंबर, 2014 के अपने अंतिम जाँच परिणाम संख्या 14/22/2013-डीजीएडी द्वारा संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के पाटित आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने की सिफारिश की। यह शुल्क पांच वर्ष की अवधि के लिए दिनांक 13 मार्च, 2015 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 7/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) जारी करके लगाये गये थे।

3. अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार, लगाया गया पाटनरोधी शुल्क जब तक कि पहले न हटाया गया हो, उसे लगाये जाने की तारीख से पांच वर्ष की समाप्ति पर प्रभावी होना बंद हो जायेगा और प्राधिकारी को यह समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति बार-बार होने अथवा जारी रहने की संभावना है। उपर्युक्त के अनुसार, प्राधिकारी को घरेलू उद्योग द्वारा अथवा उसकी ओर से किये गये विधिवत पूर्ण अनुरोध के आधार पर यह समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या शुल्क की समाप्ति से पाटन एवं क्षति बार-बार होने अथवा उसके बार-बार जारी रहने की संभावना है।

4. आवेदक ने पूर्व में लगाये गये पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा की शुरूआत और चीन जन. गण. से आयातों के विरुद्ध शुल्क जारी रखने का अनुरोध करते हुए दिनांक 19 जून, 2019 को एक आवेदन पत्र दायर किया। यह अनुरोध इस आधार पर था कि इस उपाय की समाप्ति से संबद्ध सामानों का पाटन जारी रहने और परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

5. प्राधिकारी ने निर्णायक समीक्षा के आवेदन पत्र की आवश्यकता को समझने के लिए आवेदक के साथ विचार-विमर्श किया। तदनुसार, जाँच की शुरूआत से पूर्व सुनवाई 11 जुलाई, 2019 को की गई थी।

6. आवेदक का कुल घरेलू उत्पादन में लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा है। भारत में संबद्ध सामानों का एक और उत्पादक, यथा मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब्स लिमिटेड है जिसका कुल घरेलू उत्पादन में लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा है जिसका आवेदक ने विधिवत समर्थन किया है।

7. घरेलू उद्योग की ओर से दायर पाटन एवं क्षति की संभावना के प्रथम दृष्टया साक्ष्य के साथ विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र को ध्यान में रखते हुए और नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क(5) के अनुसार प्राधिकारी ने चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध सामानों के संबंध मे पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा करने के लिए और यह जाँच करने के लिए कि क्या उपर्युक्त शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति जारी रहने अथवा बार-बार होने की संभावना है, दिनांक 17 जुलाई, 2019 की अधिसूचना संख्या 7/10/2019-डीजीटीआर द्वारा निर्णायक समीक्षा जाँच शुरू की।

8. वर्तमान समीक्षा के क्षेत्र में संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों से संबंधित पूर्व जाँच के सभी पहलू शामिल हैं।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

9. इस समीक्षा में दिनांक 19 दिसंबर, 2014 की अंतिम जाँच परिणाम अधिसूचना संख्या 14/22/2013-डीजीएडी के सभी पहलू शामिल हैं जिसमें संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने की सिफारिश की गई थी।

10. नीचे वर्णित प्रक्रिया संबद्ध जाँच के संबंध में प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई है:

i. महानिदेशक को नियम के तहत चीन जन. गण. से संबद्ध सामानों के आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क जारी रखने के लिए अनुरोध करते हुए घरेलू उद्योग की ओर से आवेदक से लिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ।

ii. विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र के आधार पर प्राधिकारी ने चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर लगाये गये पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा शुरू करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 17 जुलाई, 2019 की जाँच की शुरूआत की अधिसूचना संख्या 7/10/2019-डीजीटीआर जारी की।

iii. नई दिल्ली में संबद्ध देश के दूतावास को जाँच की शुरूआत की अधिसूचना तथा आवेदन पत्र के अगोपनीय रुपांतर की प्रति सहित नियम 6(2) के अनुसार निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत के संबंध में सूचित किया गया था।

iv. प्राधिकारी ने संबद्ध देश में ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों (जिनके नाम और पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराये गये थे) को अधिसूचना की प्रतियां भेजीं और नियमावली के नियम 6(2) तथा नियम 6(4) के अनुसार पत्र की तारीख से 40 दिन के भीतर अर्थात 4 सितंबर, 2019 तक लिखित में अपने ज्ञात विचार देने का अवसर प्रदान किया। चीन जन. गण. से उत्पादकों/निर्यातकों अर्थात मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि. और मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. के अनुरोध पर उत्तर प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 18 सितंबर, 2019 तक बढ़ाई गई थी।

v. प्राधिकारी ने निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को अधिसूचना की प्रतियां भेजीं:

क. मैसर्स जिनमेई ग्लास प्रोडक्ट्स कं. लि., जियाजुओ सिटी, हेनन, चीन

ख. मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि., शानडोंग, चीन

ग. मैसर्स अनहुई टोंगक्सियान न्यू मैटेरियल कं. लि., अनहुई, चीन

घ. मैसर्स जियांग्सी पिंगसियांग फोनिक्स शीट ग्लास कं. लि., जियांग सी, चीन

क. मैसर्स डोंगुआंग एक्सिन ग्लास प्रोडक्ट कं. लि., झोवांग टाउन, हेबेई प्रोविंस, चीन

ख. मैसर्स शानडोंग युआंकई सुपर थिन ग्लास कं. लि., शानडोंग युआंकई, चीन

vi. चीन जन. गण. से निम्नलिखित उत्पादक/निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर किये:

क. मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि.

ख. मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि.

vii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/ उपभोक्ताओं (जिनके नाम और पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराये गये थे) को अधिसूचना की प्रति भेजी और उन्हें सलाह दी कि वे नियम 6(4) के अनुसार पत्र के जारी होने की तारीख से 40 दिन के भीतर लिखित में अपने ज्ञात विचार दें:

क. मैसर्स अजंता एलएलपी, ऑरपट इंडस्ट्रियल एस्टेट, राजकोट हाईवे, गुजरात

ख. मोरबी, गुजरात में मैसर्स अजंता मैन्युफैक्चरिंग प्रा. लि., ऑरपट इंडस्ट्रियल एस्टेट, हाईवे

ग. मैसर्स अलमाइटी एक्सपोर्ट्स, प्लॉट नं. जी-2155, रोड नं. 1एच, किशन, गेट लोधिका गिड मेटोडा, राजकोट, गुजरात

घ. मैसर्स एल्फा इंटरप्राइज, फ्लैट नं. 603, लभलक्ष्मी अपार्टमेंट, स्वास्तिक सोसायटी, सनाला रोड, अहमदाबाद, गुजरात

ङ. मैसर्स एम्पायर इम्पैक्स, 2, लकी मनसन, 46/50, मिर्जा गालिब मार्ग, बिकुल्ला, मुंबई

च. मैसर्स एम्पायर इंडस्ट्रीज, 2, मधु इंडस्ट्रियल एस्टेट, मोगरा गांव, अंधेरी पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र

छ. मैसर्स के. के. इम्पैक्स, बिल्डिंग नं. 42, न्यू डीएलएफ इंडस्ट्रियल, फेज-1, हरियाणा

ज. मैसर्स निखिल इंडस्ट्रीज, नं. 540, टी. टी. के. रोड, अलवरपेट, चेन्नई, चेन्नई, तमिलनाडु

झ. मैसर्स पंचनाथ ट्रेडर्स, 1, परसाना सोसायटी, 80 फुट रोड, राजकोट

ञ. मैसर्स क्यू इवेंट्स प्रा. लि., 60-सी, केआई पॉकेट-डी, एसएफएस फ्लैट्स, मयूर विहार, फेज-3

ट. मैसर्स रामचंद्र रेड्डीप्रोपरम इंडस्ट्रीज, नं. 693, थिरूपलाया, बोम्मासांद्रा, पोस्ट बैंगलोर, कर्नाटक

ठ. मैसर्स वाइलिन ग्लास वर्क्स लि., 107, फेमस सिन स्टूडियो बिल्डिंग, 20, डॉ. ई. मोसेस रोड, महालक्ष्मी, मुंबई

viii. विचाराधीन उत्पाद के केवल एक आयातक/उपभोक्ता, यथा - मैसर्स अजंता एलएलपी ने प्राधिकारी की आयातक प्रश्नावली का उत्तर दिया और जाँच में एक हितबद्ध पक्षकार माने जाने का अनुरोध किया। तथापि, उन्होंने प्राधिकारी द्वारा दिये गये प्रपत्र के अनुसार आयातक प्रश्नावली दायर नहीं की।

ix. वर्तमान जाँच के प्रयोजन के लिए जाँच की अवधि (पीओआई) अप्रैल, 2018 – मार्च, 2019 (12 माह) है। क्षति विश्लेषण अवधि में 2015-16, 2016-17, 2017-18 और जाँच की अवधि शामिल है। जाँच की अवधि के बाद की अवधि भी संभावना विश्लेषण के प्रयोजन के लिए मानी जा सकती है।

x. जाँच की अवधि और पूर्व के तीन वर्षों के लिए लेन-देन वार आंकड़े वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) तथा प्रणाली महानिदेशालय (डीजीएस) से प्राप्त किये गये थे। प्राधिकारी ने डीजीसीआईएस, डीजीएस के आंकड़ों तथा भारत में संबद्ध सामानों के आयातों की मात्रा और मूल्य परिकलित करने के लिए सहयोगी उत्पादक/निर्यातक के आंकड़ों पर विश्वास किया है।

xi. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए खुले में रखी गई सार्वजनिक फाइल के रूप में विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों का अगोपनीय रुपांतर उपलब्ध कराया।

xii. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना के आधार पर व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के तहत भारत में संबद्ध सामानों की क्षति रहित कीमत (एनआईपी) तथा उत्पादन लागत निकालने के लिए नियमावली के अनुबंध-3 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों के आधार पर यथासंभव सीमा तक घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत सूचना की जाँच की है। सामान्यतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जीएएपी) के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध सामानों की निर्माण एवं बिक्री लागत निकाली गई थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

xiii. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने दिनांक 30 सितंबर, 2019 को आयोजित मौखिक सुनवाई में हितबद्ध पक्षकारों को अपने विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। पक्षकारों को दिनांक 7 अक्तूबर, 2019 तक मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने और उसके बाद 15 अक्तूबर, 2019 तक प्रत्युत्तर अनुरोध देने का अवसर प्रदान किया गया था।

xiv. दिनांक 7 जनवरी, 2011 के ऑटोमेटिव टायर मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (2011) 2 एससीसी 258 के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में निर्दिष्ट प्राधिकारी के बदल जाने के कारण इस जाँच में दिनांक 18 दिसंबर, 2019 को एक दूसरी सुनवाई भी की गई थी। पक्षकारों को 23 दिसंबर, 2019 तक मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने और उसके बाद 27 दिसंबर, 2019 तक प्रत्युत्तर अनुरोध दायर करने का अवसर प्रदान किया गया था।

xv. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों, दिये गये तर्कों और जाँच प्रक्रिया के दौरान विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना, वर्तमान जाँच से संगत माने गये और साक्ष्य के साथ समर्थित सीमा तक, पर इस जाँच परिणाम में प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त रूप से विचार किया गया है।

xvi. जाँच प्रक्रिया के दौरान प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की परिशुद्धता के संबंध में स्वयं को संतुष्ट किया, जो कि संभव सीमा तक इस अंतिम जाँच परिणाम का आधार बनती है और आवश्यक तथा संगत समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग और उत्पादक/निर्यातक द्वारा दिये गये आंकड़ों/ दस्तावेजों का स्थल पर सत्यापन किया।

xvii. एक प्रकटन विवरण 30 जनवरी, 2020 को जारी किया गया था जिसमें निर्दिष्ट प्राधिकारी के विचाराधीन अनिवार्य तथ्य थे जिसमें प्रकटन विवरण पर टिप्पणियां, यदि कोई हैं, देने के लिए 6 फरवरी, 2020 तक का समय दिया गया था। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन पश्चात टिप्पणियों पर उपयुक्त रूप से विचार किया है।

xviii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावों की उनकी पर्याप्तता के संदर्भ में जाँच की गई। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर जहां कहीं भी उचित था, गोपनीयता के ऐसे दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय समझा है और उसे अन्य पक्षकारों के समक्ष प्रकट नहीं किया है। जहाँ कहीं भी संभव हुआ है, वहाँ गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रुपांतर प्रस्तुत करें।

xix. जहाँ कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने मौजूदा जाँच की कार्रवाई के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना कर दिया है अथवा ऐसी सूचना अन्यथा प्रदान नहीं की है अथवा जाँच में अत्यधिक अड़चनें डाली हैं, वहाँ प्राधिकारी ने उन पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर ये जाँच परिणाम रिकार्ड किए हैं।

xx. इस अंतिम जाँच परिणाम में *** किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई तथा प्राधिकारी द्वारा नियमावली के तहत मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

xxi. संबद्ध जाँच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 69.91 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) का क्षेत्र और समान वस्तु</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

11. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये हैं:

i. वर्तमान जाँच के प्रयोजन के लिए विचाराधीन उत्पाद वही है जो मूल जाँच में, अर्थात शीट ग्लास है। प्राधिकारी की सतत परिपाटी के अनुसार सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और उत्पाद क्षेत्र अथवा पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने के लिए किसी भी तरह बाध्यकारी नहीं है।

ii. विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन क्षैतिज रूप से लियर का प्रयोग करके किया जाता है। यह ग्लास मेल्ट की खाली सतह से सीधे ही लिया जाता है और शीट की परतें रोटेटिंग बॉडी का प्रयोग करके ऊपर की ओर ग्लास को ले जाकर स्थिर की जाती हैं। मोल्टन ग्लास लगभग 1000 एमएम की ऊंचाई तक तिरछी ड्रॉइंग मशीन तक ग्लास भट्टी से गुजरता है जहाँ निर्मित ग्लास क्षैतिज प्रवाह तक ग्लास शीट में परिवर्तित होता है। शीट बन जाने पर उसे पॉलिश्ड मेटल रॉल में मोड़ा जाता है और एक लियर में क्षैतिज रूप से ले जाया जाता है। शीट ग्लास उत्पादन प्रक्रिया फ्लोट ग्लास के उत्पादन की प्रक्रिया से पूर्णतः भिन्न है जहाँ ग्लास की शीट मोल्टन मेटल, विशेष रूप से टिन, के बेड पर फ्लोटिंग मोल्टन ग्लास द्वारा बनाई जाती है। इस पद्धति से शीट को समान मोटाई और अत्यधिक चपटी सतह मिलती है।

iii. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि चूंकि वर्तमान जाँच एक निर्णायक समीक्षा जाँच है, अतः विचाराधीन उत्पाद वही रहता है जो पूर्व में की गई जाँच में परिभाषित है क्योंकि इस अवधि में कोई खास गतिविधियां नहीं हुई हैं। अतः घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद के संबंध में पूर्व जाँच का उल्लेख करता है और उस पर विश्वास करता है।

iv. पाटनरोधी जाँच में उत्पाद क्षेत्र जाँच परिणाम में उल्लिखित एचएस कोड/प्रशुल्क वर्गीकरणों से बाध्य नहीं है, परंतु संगत जाँच परिणाम में परिभाषित विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा से शासित है। यह रिकार्ड का मामला है कि प्राधिकारी ने अंतिम जाँच परिणाम जारी करते समय शुल्क तालिका में दो प्रशुल्क शीर्षों अर्थात 70042011 और 70042019 का उल्लेख किया। तथापि, शुल्क तालिका में एक परंतुक भी है कि प्रशुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक प्रयोजन के लिए है और आयात जाँच परिणाम में परिभाषित उत्पाद क्षेत्र द्वारा शासित होंगे।

v. वित्त मंत्रालय ने प्राधिकारी की सिफारिशों को पूर्णतः स्वीकार किया है और जाँच परिणाम सीमा शुल्क अधिसूचना के अभिन्न भाग के रूप में पढ़े जाने हैं। इसके अतिरिक्त, सही प्रशुल्क शीर्षों को शामिल करने का किसी भी तरह से यह अर्थ नहीं होगा कि जाँच का क्षेत्र इतना बढ़ाया गया है कि विचाराधीन उत्पाद का विवरण वही रहे। यह उल्लेख करना असंगत नहीं होगा कि प्राधिकारी ने विगत में भी शुल्क तालिका में प्रशुल्क वर्गीकरण के संबंध में ऐसे संशोधन किये हैं। इस संबंध में, चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित सिलाई मशीन की सुइयों के आयातों में शामिल पाटनरोधी जाँचों पर विश्वास किया जाता है (फा. सं. 15/02/2016-डीजीएडी दिनांक 23.05.2017) जिसमें प्राधिकारी द्वारा शुल्क तालिका में समान संशोधित किया गया था।

vi. उपर्युक्त के पूर्वाग्रह के बिना प्राधिकारी का निर्णायक समीक्षा जाँच में मूल जाँच के सभी पहलुओं की जाँच करने का सतत दृष्टिकोण रहा है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान मामले में जाँच की शुरूआत की अधिसूचना में भी यह उल्लेख है कि समीक्षा में 19 दिसंबर, 2014 की अंतिम जाँच परिणाम अधिसूचना संख्या 14/22/2013-डीजीएडी के सभी पहलू शामिल होंगे जिसमें संबद्ध देश के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने की सिफारिश की गई थी।

vii. वर्तमान मुद्दा वह नहीं है जिसमें प्राधिकारी जाँच के क्षेत्र को व्यापक बना रहे हैं बल्कि यह वह है जहाँ कुछ एचएस कोड प्राधिकारी द्वारा व्यापक रूप से और स्पष्ट रूप से निर्धारित उत्पाद को शामिल लेने के लिए शामिल किये जाने अपेक्षित हैं। यह अनुरोध है कि जब प्राधिकारी उत्पाद क्षेत्र निर्धारित कर लें तो वह प्राधिकारी द्वारा परिभाषित उत्पाद क्षेत्र से आयात प्रवेश शामिल किये जाने तक प्रशुल्क वर्गीकरण तक सीमित नहीं हो सकता।

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोध</u>

12. विचाराधीन उत्पाद अथवा समान वस्तु के क्षेत्र के संबंध में मैसर्स अजंता एलएलपी द्वारा किए गए अनुरोध निम्नलिखित हैं:

i. जाँच के संबंध में प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये 19 दिसंबर, 2014 के मूल अंतिम जाँच परिणाम में शुल्क लगाये जाने की सिफारिश नीचे उल्लिखित टिप्पणी के साथ प्रशुल्क मद 70042011 और 70042019 के संबंध में की गई थीः

संबद्ध सामान अन्य प्रशुल्क शीर्षों यथा 70031290, 70031990, 70033090, 70042099, 70049019, 70049099, 70052110, 70053090, 70091090, 70091010, 70099100, 70119090 आदि के तहत भी आयात किये जा रहे हैं। तथापि, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और इस जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ii. वित्त मंत्रालय को हितबद्ध पक्षकारों से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए और दो अभिज्ञात सीमा प्रशुल्क अर्थात 70042011 और 70042019 पर शुल्क लगाए।

iii. विचाराधीन उत्पाद का सीमित क्षेत्र इस निर्णायक समीक्षा जाँच में व्यापक नहीं किया जा सकता और उसे उस विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र तक सीमित होना चाहिए जो कि पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन है। अतः निर्णायक समीक्षा जाँच का क्षेत्र और उसमें विचाराधीन उत्पाद दो अभिज्ञात सीमा प्रशुल्क मदों अर्थात 70042011 और 70042019 तक ही सीमित होना चाहिए जो शुल्क की दिनांक 13 मार्च, 2015 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 07/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) के अनुसार लगाये गये थे।

iv. अजंता प्रा. लि. बनाम भारत संघ के मामले में माननीय गुजरात उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की किः

"यद्यपि यह सत्य है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने अपने जाँच परिणाम में तालिका के नीचे यह उल्लेख करते हुए एक टिप्पणी की कि संबद्ध सामान अन्य प्रशुल्क शीर्षों, जैसा कि उसमें ब्यौरा दिया गया है, के तहत भी आयात किये जा रहे थे और यह कि सीमा शुल्क अधिसूचना केवल संकेतात्मक है और उस जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है। तथापि, केंद्र सरकार ने निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार करने के बाद दिनांक 13.03.2015 की अधिसूचना में उपर्युक्त टिप्पणी को शामिल करना उपयुक्त नहीं समझा है। जहाँ तक दिनांक 13.03.2015 की अधिसूचना का संबंध है, निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क प्रशुल्क मद संख्या 70042011 और 70042019 वाले शीट ग्लास पर ही लगाया जाता है।

[-]

उपर्युक्त चर्चा के आलोक में इस न्यायालय का यह मत है कि उत्तरदाता प्राधिकारियों को याचिकाकर्ता द्वारा आयातित उन सामानों के संबंध में निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क की मांग करने का कानून में कोई अधिकार नहीं है जो दिनांक 13.03.2015 की अधिसूचना संख्या 7/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) में उल्लिखित प्रशुल्क मदों के तहत नहीं आते।"

v. अपार इंडस्ट्रीज लि. बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी, 2006 (200) ई.एल.टी. 34 (ट्राई. डेल.) में माननीय सेसटेट द्वारा की गई टिप्पणी निम्नलिखित हैः

"ऐसा प्रतीत होता है कि निर्णायक समीक्षा अपनी प्रकृति में यह देखने तक सीमित होगी कि क्या जो शर्तें पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने के समय मौजूद थीं, उन्हें उस सीमा तक बदला गया है कि शुल्क लगाया जाना जारी रखने के लिए अब कोई औचित्य नहीं है अथवा यह सुनिश्चित करने के लिए कि यदि वह शुल्क हटाया जाता है तो घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति होने का आसन्न खतरा है। यह जाँच विभिन्न मानदंडों, यथा – सामान्य शुल्क, निर्यात कीमत, पाटन मार्जिन, क्षति रहित कीमत का निर्धारण और घरेलू उद्योग को क्षति में परिवर्तन तक सीमित है। यह निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी शुल्क लगाये जाने के प्रयोजन के लिए नहीं की जाती है बल्कि यह देखने के लिए है कि क्या यह पाटनरोधी शुल्क हटाये जाने से पाटन बढ़ेगा तथा क्या घरेलू उद्योग को क्षति होगी।"

प्राधिकारी द्वारा जाँच

13. वर्तमान निर्णायक समीक्षा जाँच में विचाराधीन उत्पाद शीट ग्लास है।

14. वर्तमान जाँच एक निर्णायक समीक्षा जाँच है, अतः प्राधिकारी मानते हैं कि वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र वही है जो मूल जाँच में है। मूल जाँच में परिभाषित मूल उत्पाद निम्नलिखित हैः

"4. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहाँ से निर्यातित शीट ग्लास है। विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन क्षैतिज रूप से लियर का प्रयोग करके किया जाता है। यह ग्लास मेल्ट की खाली सतह से सीधे ही लिया जाता है और शीट की परतें रोटेटिंग बॉडी का प्रयोग करके ऊपर की ओर ग्लास को ले जाकर स्थिर की जाती हैं। मोल्टन ग्लास लगभग 1000 एमएम की ऊंचाई तक तिरछी ड्रॉइंग मशीन तक ग्लास भट्टी से गुजरता है जहां निर्मित ग्लास क्षैतिज प्रवाह तक ग्लास शीट में परिवर्तित होता है। शीट बन जाने पर उसे पॉलिश्ड मेटल रॉल में मोड़ा जाता है और एक लियर में क्षैतिज रूप से ले जाया जाता है। फ्लोट ग्लास, फिगर्ड और वायर्ड ग्लास विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के अंतर्गत शामिल नहीं किये जाते हैं।"

15. रिकार्ड में उपलब्ध सूचना पर विचार करने के बाद प्राधिकारी मानते हैं कि संबद्ध देश से निर्यातित विचाराधीन उत्पाद में और भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित किये जा रहे उत्पाद में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पादन विशिष्टियों, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के संदर्भ में विचाराधीन उत्पाद से तुलनीय है। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता इन दोनों का प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से करते हैं।

16. प्राधिकारी मानते हैं कि उत्पादक द्वारा उत्पादित उत्पाद नियमावली के अनुसार उपर्युक्त पैरा में उल्लिखित विचाराधीन उत्पाद की समान वस्तु है। आवेदक द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान प्राधिकारी द्वारा नियमावली के नियम 2(घ) के अभिप्राय से संबद्ध देश से आयातित संबद्ध सामानों की समान वस्तु मानी गई है।

17. आयातक द्वारा इस अनुरोध के संबंध में कि जाँच का क्षेत्र शुल्क मूल रूप से लगाये जाने से अधिक नहीं होना चाहिए जो कि सीमा प्रशुल्क मदों अर्थात 70042011 और 70042019 तक ही सीमित था, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी जाँच में शुल्क विशिष्ट सीमा शुल्क शीर्ष के बजाए उत्पाद अथवा संबद्ध सामान की तुलना में लगाए जाने चाहिए। इस कारण प्राधिकारी सभी मामलों में अनिवार्य रूप से एक विशेष उल्लेख करते हैं कि "सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।"

18. तथापि, अजंता प्रा. लि. बनाम भारत संघ के मामले में, माननीय गुजरात उच्च न्यायालय ने उल्लेख किया था कि विशिष्ट प्रशुल्क शीर्ष से युक्त सीमा शुल्क अधिसूचना के अभाव में संबंधित विभाग को उन सामानों के संबंध में पाटनरोधी शुल्क की मांग करने अथवा एकत्रित करने के लिए कानून में कोई अधिकार नहीं है जो दिनांक 13.03.2015 की अधिसूचना संख्या 7/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) में उल्लिखित प्रशुल्क मदों के तहत नहीं आते। प्राधिकारी नोट करते हैं कि न तो घरेलू उद्योग ने ही और न ही राजस्व विभाग ने इस आदेश को चुनौती दी।

19. मूल जाँच और वर्तमान निर्णायक समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद शीट ग्लास है। विचाराधीन उत्पाद अध्याय 70 में और उसके बाद 7004.20 के तहत "ग्लास एंड ग्लासवेयर" शीर्ष के तहत वर्गीकृत है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वर्तमान निर्णायक समीक्षा की जाँच की शुरूआत की अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद मूल जाँच के अनुसार माना गया था। तथापि, हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों तथा रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जाँच 13 मार्च, 2015 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 7/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) द्वारा संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातों पर वास्तविक रूप से लगाये गये पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा ही है। अतः आठ अंकीय स्तर पर इस निर्णायक समीक्षा के प्रयोजन के लिए संबद्ध सामानों का वर्गीकरण 70042011 और 70042019 है।

घ. <u>घरेलू उद्योग एवं आधार</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

20. घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग की पात्रता और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदक संबद्ध देश में संबद्ध सामानों के किसी निर्यातक अथवा आयातक तथा भारत में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आयातकों से संबद्ध नहीं है।

ii. आवेदक का भारतीय उत्पादन में "प्रमुख अनुपात" है। आवेदक वर्तमान आवेदन पत्र दायर करने के लिए आधार की अपेक्षा को पूरा करता है और नियमावली के अभिप्राय से "घरेलू उद्योग" है। यह कानूनी स्थिति के पूर्वाग्रह के बिना है कि आधार की निर्णायक समीक्षा के स्तर पर जाँच की जानी आवश्यक नहीं है।

iii. आवेदक का घरेलू उत्पादन में लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा है। भारत में संबद्ध सामानों का एक और उत्पादक अर्थात मैसर्स भारत गैस ट्यूब्स लिमिटेड है जिसका कुल घरेलू उत्पादन में लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा है जिसने आवेदक को विधिवत समर्थन दिया है।

iv. आवेदक का समर्थक सहित घरेलू उत्पादन में 100 प्रतिशत हिस्सा है जिससे वह नियमावली के नियम 2(ख) में परिभाषित किये गये अनुसार पात्र घरेलू उद्योग है।

<u>विरोधी हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

21. यदि मूल आवेदन पत्र में भारत गैस ट्यूब लिमिटेड के आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो निर्णायक समीक्षा दो समय की अवधियों की तुलना के लिए उसके आंकड़ों के आधार पर भी होनी चाहिए।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

22. यह आवेदन पत्र समर्थक मैसर्स भारत गैस ट्यूब्स लिमिटेड के साथ मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. द्वारा दायर किया गया है। बाद में, प्राधिकारी ने आवेदक को निर्देश दिया कि वे मैसर्स भारत गैस ट्यूब्स लिमिटेड के लिए संगत आंकड़े दायर करे। निर्देशानुसार आवेदक द्वारा संगत आंकड़े दायर किये गये थे।

23. यह नोट किया जाता है कि मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. ने वर्ष 2016 में उत्पादन शुरू किया। समर्थक सहित मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. का कुल भारतीय उत्पादन में 100 प्रतिशत हिस्सा है। आवेदक ने प्रमाणित किया है कि वे भारत में किसी निर्यातक अथवा आयातक से संबद्ध नहीं हैं।

24. उपर्युक्त के मद्देनजर और उचित जाँच के बाद प्राधिकारी मानते हैं कि आवेदक संबद्ध सामानों के लिए आधार की आवश्यकताओं को पूरा करता है और नियमावली के नियम 2(ख) तथा नियम 5(3) के तहत घरेलू उद्योग है।

ङ. <u>गोपनीयता से संबंधित मुद्दे</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

25. घरेलू उद्योग ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. केवल उसी सूचना को गोपनीय होने का दावा किया गया है जिसका गोपनीयता की नियमावली के तहत अनुमति है और जो प्राधिकारी की सतत परिपाटी के अनुसार है।

ii. आवेदक ने आवेदन पत्र का पर्याप्त अगोपनीय रुपांतर दिया है और यह कि कोई भी हितबद्ध पक्षकार उस सूचना का कोई विशेष उदाहरण उल्लिखित नहीं कर पाया है जिसके गोपनीय होने का दावा किया गया है तथा जिसकी गोपनीयता का औचित्य नियमावली के तहत नहीं बनाया गया है।

iii. भारत में निर्यातों की मात्रा, घरेलू बाजार में बिक्री की कुल मात्रा, उत्पादन, बिक्री, भारत को निर्यातों के लिए औसत कीमत जैसी सूचना सूचीबद्ध रुपांतर में प्रदान की गई है क्योंकि यह सूचना व्यापार स्वामित्व वाली सूचना है।

iv. उत्तरदाता निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर के अगोपनीय रुपांतर में भारत को निर्यातित मात्राओं, संबद्ध सामानों के कुल उत्पादन और घरेलू बाजार में उनके निपटान तथा अन्य देशों को निर्यातों के संबंध में भी गोपनीयता का दावा कर अत्यधिक एवं अनपेक्षित गोपनीयता का सहारा लिया है।

v. सहयोगी निर्यातक ने व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन पत्र का अगोपनीय रुपांतर दायर नहीं किया है।

विरोधी हितबद्ध पक्षकारों के विचार

26. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

प्राधिकारी द्वारा जाँच

27. गोपनीयता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए अनुरोधों की जाँच की गई थी और तद्नुसार उन्हें हल किया गया था। गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जाँच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। प्राधिकारी ने संतुष्ट होने पर जहां कहीं भी उचित था, गोपनीयता के ऐसे दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय समझा है और उसे अन्य पक्षकारों के समक्ष प्रकट नहीं किया है। जहाँ कहीं भी संभव हुआ है, वहाँ गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रुपांतर प्रस्तुत करें।

28. प्राधिकारी ने नियम 6(7) तथा व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अनुसार निरीक्षण के लिए विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अगोपनीय रुपांतर से युक्त सार्वजनिक फाइल के माध्यम से सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना का अगोपनीय रुपांतर उपलब्ध कराया।

च. विविध अनुरोध

घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

29. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. शुल्क लगाए जाने के बावजूद, विचाराधीन उत्पाद संबद्ध देश से पाटित कीमतों पर भारत को अब भी निर्यात किए जा रहे हैं।

ii. घरेलू उद्योग प्राधिकारी द्वारा लगाए गए शुल्कों के कारण ही अच्छा निष्पादन कर पाया है।

iii. आवेदक ने अपना संयंत्र 2015-16 में स्थापित किया है और 2016-17 में वह वाणिज्यिक उत्पादन में आया। आवेदक पाटनरोधी शुल्क के रूप में प्राधिकारी द्वारा दिए गए संरक्षण के कारण ही संतोषजनक बाजार हिस्सा प्राप्त कर पाया है।

iv. शुल्क बंद करने से घरेलू उद्योग को बाजार हिस्से और राजस्व के संदर्भ में काफी हानि होगी।

v. चीनी निर्यातकों ने वर्तमान कार्यवाहियों के परिणाम को प्रभावित करने के लिए पिछले दो वर्षों में भारत को अपने निर्यात कम करते समय अपनी कीमतें नीतिगत रूप से बढ़ाई हैं।

vi. चीनी उत्पादकों ने जाँच की अवधि के बाद की अवधि में काफी कम कीमतों पर संबद्ध सामानों का निर्यात करना पहले ही शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, उसी अवधि में चीन से आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई है।

vii. एक चीनी उत्पादक के वाणिज्यिक बीजक के आधार पर परिकलित संभावित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन काफी अधिक हैं तथा यदि शुल्क हटाए जाते हैं तो घरेलू उद्योग को काफी क्षति होनी दर्शाता है।

viii. प्रतिभागी निर्यातकों ने दिनांक 28 फरवरी, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 5/2018 के अनुसार व्यवहारी लेखाकार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित परिशिष्ट 5, 6, 7, 8 और 10 दायर नहीं किए हैं।

ix. यह कानून की निर्धारित स्थिति है कि निर्णायक समीक्षा जाँचों में कारणात्मक संपर्क विश्लेषण अनिवार्य रूप से किया जाना अपेक्षित नहीं है। धारा 9क(5) के तहत शुल्कों की अवधि बढ़ाए जाने के लिए परीक्षण केवल यह जाँच करने के लिए होता है कि क्या वे शुल्क बंद करने से पाटन एवं क्षति के जारी रहने अथवा बार-बार होने की संभावना है।

x. यह पूर्णतः आवश्यक नहीं है कि पाटित आयात क्षति के पूरे अथवा यहाँ तक कि प्रमुख कारण होने चाहिए।

xi. मैसर्स अजंता एलएलपी ने न तो प्रश्नावली के उत्तर दायर किए और न ही उन्होंने प्राधिकारी से व्यापार सूचना संख्या 11/2018 में निर्धारित प्रपत्र एवं समय-सीमा में हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किए जाने के लिए कोई अनुरोध किया। अतः मैसर्स अजंता एलएलपी द्वारा किए गए अनुरोधों की अनदेखी की जानी चाहिए।

<u>उत्पादकों/निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोध</u>

30. उत्पादक तथा निर्यातक ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. उत्पादक तथा निर्यातक ने यह अनुरोध किया है कि वर्तमान निर्णायक समीक्षा जाँच निम्नलिखित कारणों से रद्द की जानी चाहिए:

क. चीन जन. गण. से आयात जो 2015-16 में 40,847 मी. टन थे, घटकर जाँच की अवधि में 4,160 मी. टन हो गए। आवेदक का यह दावा कि आयात चीनी निर्यातकों की अच्छी तरह से बनी बनाई नीति के रूप में कम हुए हैं, दोषपूर्ण और आधारहीन है। व्यापार सूचना संख्या 02/2017 दिनांक 12 दिसंबर, 2017, जिसमें मूल शुल्क की समाप्ति के 270 दिन पूर्व निर्णायक समीक्षा के आवेदन के लिए समय-सीमा का प्रावधान है, दिसंबर, 2017 में अधिसूचित की गई थी जबकि आयातों में गिरावट अप्रैल, 2017 के आरंभ से शुरू हुई। आवेदक इस बात से पूर्णतः अवगत था कि वह आवेदन पत्र कब दायर करेगा और लाभ मानदंडों में क्षति दर्शाने के लिए अंतिम दो वर्षों में अपनी बिक्री कीमत कम करने का विकल्प जानबूझकर चुना है।

ख. आर्थिक आंकड़े घरेलू उद्योग की चमकती हुई स्थिति दर्शाते हैं। आवेदक की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मूल्य और बिक्री वसूली प्रति यूनिट क्षति की अवधि में बढ़े हैं। चूंकि एक उद्यम द्वारा रखी गई भारी मालसूची बढ़ती हुई बिक्री मात्रा को पूरा करने के लिए बढ़ाई गई है, अतः वह क्षति का संकेतक नहीं है। घरेलू उद्योग के रोजगार स्तर प्रदत्त मजदूरी तथा उत्पादकता जाँच की अवधि में बढ़ी है। अतः इस निमित्त कोई क्षति नहीं है। पाटनरोधी शुल्क जोड़े बिना आयातों का पहुँच मूल्य निरंतर बढ़ता रहा है, जबकि आवेदक की लागत में गिरावट तथा बिक्री कीमत में वृद्धि उसे लाभप्रदता का लाभ दे रही है।

ग. आवेदक द्वारा प्रस्तुत आंकड़े असंगत हैं और उनके बारे में अत्यधिक चेतावनी तथा सख्त जाँच की जानी चाहिए। जब लागत सबसे कम है तो हानियां उच्चतम हैं और बिक्री कीमत काफी अधिक है। जाँच की अवधि के बाद की अवधि से संबंधित कोई आंकड़े आवेदक द्वारा उल्लिखित नहीं किए गए हैं। पाटनरोधी शुल्क जोड़े बिना आयातों का पहुँच मूल्य निरंतर बढ़ता रहा है। कम कीमत पर बिक्री भी नकारात्मक है। चीन जन. गण. में विद्यमान संयंत्रों की सक्रिय बंदी रही है। और कोई अतिरिक्त क्षमताएं नहीं हैं। सहयोगी उत्पादक और निर्यातक की संबद्ध सामानों की ज्यादा मालसूची नहीं है, परंतु इसके बजाए वे घरेलू बाजार और/अथवा तीसरे देश के निर्यात बाजारों में उसकी बिक्री करते हैं। चीन जन. गण. में संबद्ध सामानों की घरेलू बिक्री कीमत और तीसरे देशों को संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत भारत को संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत से अधिक हैं। वाणिज्यिक बीजक के आधार पर संभावित विश्लेषण किया गया है जो कि किसी तर्क से विहीन है।

घ. आवेदक ने संबद्ध देश से आयातों के कारण सतत क्षति स्थापित करने के लिए कोई दावा नहीं किया है अथवा कोई मामला नहीं बनाया है। संबद्ध आयातों की मात्रा में पूर्ण दृष्टि से और उत्पादन तथा खपत के संदर्भ में तथा भारत में कुल आयातों के संबंध में काफी गिरावट आई है।

ङ. घरेलू उद्योग को पाटन और/अथवा क्षति बार-बार होने की कोई संभावना नहीं है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

31. घरेलू उद्योग के इस तर्क के संबंध में कि मैसर्स अजंता एलएलपी द्वारा किए गए अनुरोधों की अनदेखी की जाए, यह उल्लेख किया जाता है कि दिनांक 10 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 11/2018 के खंड (iv) के अनुसार *"उपर्युक्त खंड (i) में निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राधिकारी के पास जिस हितबद्ध पक्षकार ने खुद को पंजीकृत किया है, परंतु प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं करता। यह उसे कानूनी अनुरोध दायर कर, सार्वजनिक सुनवाई में भाग लेकर, प्रकटन संबंधी टिप्पणियां दायर कर आदि* जाँच *के अन्य चरणों में भाग लेने से हितबद्ध पक्षकार को नहीं रोकेगा।"*

32. प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस तथा डीजीएस से दो शीर्षों यथा 70042011 और 70042019 के लिए प्राथमिक रूप से विचाराधीन उत्पाद के लिए आयात आंकड़े एकत्रित किए हैं।

33. विरोधी पक्षकारों द्वारा किए गए जो विशेष अनुरोध संगत माने गए हैं, उन्हें नीचे दिए गए पैराओं में प्राधिकारी द्वारा हल कर दिया गया है।

छ. <u>पाटन का मूल्यांकन – सिद्धांत एवं मानदंड</u>

<u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

34. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदक ने नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार संबद्ध देश में सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

ii. आवेदक ने उल्लेख किया है कि नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 8 के अनुसार चीन को तब तक गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना जाना है जब तक संबंधित फर्म/उत्पादक/निर्यातक पैरा 8(3) में उल्लिखित मानदंडों के आधार पर उपर्युक्त अवधारणा का खंडन न कर पाएं। उन्होंने दावा किया है कि यह पूर्व मामलों में प्राधिकारी द्वारा ली गई स्थिति के अनुरूप तथा अन्य देशों में जाँच कर्ता प्राधिकारियों द्वारा की गई स्थिति के अनुरूप भी है। आवेदक ने अनुरोध किया है कि चीन जन. गण. को निम्नलिखित कारणों से गैर बाजार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए:

क. किसी भी चीनी उत्पादक ने बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा नहीं किया है और अपेक्षित प्रश्नावली नहीं भरी है।

ख. उन स्थितियों में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार रद्द किया जाना चाहिए जहां चीनी निर्यातक यह सिद्ध करने में असमर्थ हों कि उनकी बहियां अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानकों (आईएएस) के अनुरूप हैं।

ग. बाजार अर्थव्यवस्था स्तर तब तक नहीं दिया जा सकता जब तक उत्तरदाता चीनी निर्यातक नियमावली के तहत उल्लिखित प्रत्येक मानदंड के संबंध में परीक्षण पास न करें।

घ. यह सिद्ध करना उत्तरदाता चीनी निर्यातकों का दायित्व है कि वे बाजार अर्थव्यवस्था स्थितियों में प्रचालन कर रहे हैं।

ङ. बाजार अर्थव्यवस्था स्तर तब तक नहीं दिया जा सकता जब तक उत्तरदाता कंपनी और उसका समूह समग्र रूप से दावा न करे।

च. यह अनुरोध किया गया है कि ऐसी स्थिति में चीन के लिए सामान्य मूल्य उपर्युक्त तथ्यों और परिस्थितियों की दृष्टि से 8(2) के परंतुक को हटाए बिना नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार ही निर्धारित किया जा सकता है।

छ. इस प्रकार चीन में सामान्य मूल्य बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय तथा लाभ सहित (क) भारत में तीसरे देश से आयात कीमत, (ख) भारत में बिक्री कीमत, और (ग) भारत में विधिवत समायोजित उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। यह भी अनुरोध किया जाता है कि चूंकि सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए ये विकल्प उपलब्ध हैं, अतः प्राधिकारी कृपया "किसी अन्य आधार" पर विचार न करें क्योंकि इसे तभी लागू किया जाना होता है जब कानून के तहत सूचीबद्ध आधार लागू न किए जा सकते हों।

ज. अनुबंध-1 का पैरा 8(2) प्राधिकारी के लिए चीन को गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ता। तथापि, पैरा 8(3) के प्रावधान के तहत वह चीनी फर्मों द्वारा खंडन के लिए खुला है।

झ. प्राधिकारी संविधि का निर्माण है और उसे अपने दायित्वों का निष्पादन तथा अधिकारों का कार्यान्वयन विशेष रूप से उसे संविधि के विशेष प्रावधानों के तहत सौंपे गए अधिकारों के अनुसार करना होता है। अतः, जब तक पैरा 8 के प्रावधानों में संशोधन नहीं किया जाता, तब तक प्राधिकारी के लिए यह स्पष्ट है कि वे पैरा 8 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्य करें और चीन को एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मानें।

ञ. चीनी अर्थव्यवस्था के कतिपय महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सतत रूप से काफी सरकारी मध्यस्थता के कारण चीन का नाम एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश बनाए रखना आवश्यक है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि चीन की अर्थव्यवस्था सरकारी बलों द्वारा नियंत्रित होती है और देश की अर्थव्यवस्था में सरकारी मशीनरी का काफी हस्तक्षेप एवं नियंत्रण होता है। डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम के तहत बाजार अर्थव्यवस्था स्तर प्रदान करना स्वचालित नहीं है बल्कि अभिगम नयाचार में उल्लिखित पूर्व शर्तों में चीन के अनुपालन पर आकस्मिक है।

iii. आवेदक ने निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए डीजीसीआईएंडएस द्वारा दिए गए आंकड़ों पर विश्वास किया है। आवेदक ने कारखानागत निर्यात कीमत निकालने के लिए समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन, अंतर्देशीय भाड़ा व्यय, पत्तन व्यय और बैंक प्रभारों के लिए निर्यात कीमत समायोजित की है।

iv. उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तरों में भारी कमी है और नवीनतम व्यापार सूचना के अनुसार दायर नहीं की गई है।

v. घरेलू उद्योग ने दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में संबद्ध देश के संबंध में सामान्य मूल्य निर्धारित किया है अथवा संबद्ध देश में संबद्ध सामानों की घरेलू कीमतों के संबंध में विश्वसनीय सूचना सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध नहीं है।

vi. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के बीच उचित तुलना के लिए आवेदक ने समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय परिवहन, पत्तन सार संभाल एवं मंजूरी प्रभार आदि के लिए निर्यात कीमत समायोजित कर कारखानागत निर्यात कीमतें निकाली हैं।

vii. तदनुसार, आवेदक ने उपर्युक्त परिकलित सामान्य मूल्य एवं निर्यात कीमत के आधार पर पाटन मार्जिन निकाला है।

<u>विरोधी हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

35. निर्यातकों ने अनुरोध किया है कि भारत को उनके द्वारा निर्यातित संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत प्राधिकारी को उनके द्वारा प्रस्तुत निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर में आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

36. अधिनियम की धारा 9क(1)(ग) के अनुसार, किसी वस्तु के संबंध में "सामान्य मूल्य" का तात्पर्य है:

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहाँ सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

37. जाँच की शुरूआत पर प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी जिसमें संबद्ध देश में उत्पादकों/निर्यातकों को सलाह दी गई कि वे जाँच की शुरूआत की सूचना का उत्तर दें और उनके सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए संगत सूचना प्रदान करें। चीन जन. गण. के एक उत्पादक अर्थात मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि. और चीन जन. गण. के एक निर्यातक मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. से उत्तर प्राप्त हुए थे।

ज. <u>सामान्य मूल्य</u>

38. प्राधिकारी यह पाते हैं कि किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा नहीं किया है, यद्यपि उन्हें प्रश्नावली भेजी गई थी। अतः नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 8 को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। प्राधिकारी अनुबंध-1 के पैरा 7 के अनुसार सामान्य मूल्य निर्धारित करने का प्रस्ताव करते हैं। किसी भी हितबद्ध पक्षकार से अन्य कोई विशेष सुझाव प्राप्त नहीं हुआ।

39. नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैः

"गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर

तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जाँच *के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी।* जाँच *से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"*

40. आवेदक ने नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 के तहत चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य निर्मित करने के लिए प्राधिकारी से अनुरोध किया है। यद्यपि, एक निर्यातक मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि. ने जाँच में सहयोग किया है, परंतु उसने बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार के लिए निर्धारित प्रश्नावली का कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है। अतः परिशिष्ट के पैरा 1-5 के तहत उस देश के लिए सामान्य मूल्य उपर्युक्त सहयोगी निर्यातक के उत्तरों के आधार पर परिकलित नहीं किया जा सकता। इन परिस्थितियों में प्राधिकारी परिशिष्ट के पैरा 7 के तहत सामान्य मूल्य निर्मित करने पर विचार करते हैं। बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में विचाराधीन उत्पाद की कीमतें तथा निर्मित मूल्य अथवा ऐसे तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों को कीमतें न तो आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं और न ही प्राधिकारी के पास किसी सार्वजनिक पटल से उपलब्ध हैं। अतः उपर्युक्त उल्लिखित स्रोतों से सूचना के अभाव में प्राधिकारी ने प्रशासनिक, बिक्री तथा सामान्य लागत के लिए और लाभ के लिए उपयुक्त अभिवृद्धि के साथ निर्यातक देश में विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्मित करने का निर्णय लिया। चूंकि, निर्यातक देश में विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत के संबंध में कोई आंकड़े प्राधिकारी के पास उपलब्ध नहीं हैं, अतः वे आवेदक की उत्पादन लागत को निर्यात के देश में उत्पादन लागत के रूप में मानते हैं और प्रशासनिक, बिक्री तथा सामान्य लागत के लिए तथा लाभ के लिए उपयुक्त अभिवृद्धि जोड़ते हैं। प्राधिकारी द्वारा जाँच की अवधि के लिए और जाँच की अवधि के बाद की अवधि के लिए इस प्रकार निर्धारित निर्मित सामान्य मूल्य क्रमशः *** अमेरिकी डॉलर/मी. टन और *** अमेरिकी डॉलर/मी. टन हैं।

झ. <u>निर्यात कीमत</u>

41. जाँच की अवधि के दौरान मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि. ने एक असंबद्ध पक्षकार मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. के माध्यम से भारत को *** अमेरिकी डॉलर के *** मी. टन और तीसरे देशों को *** अमेरिकी डॉलर के *** मी. टन की निर्यात बिक्री की। मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. एक व्यापारिक कंपनी है जिसने विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन नहीं किया। मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. ने जाँच की अवधि के दौरान कोई घरेलू बिक्री नहीं की और सीधे ही सामानों का निर्यात किया। मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. के जाँच की अवधि में भारत को निर्यातों में आईटीसी एचएस कोड 70042011 तथा 70042019 अर्थात दो एचएस कोडों, जिन पर दिनांक 13 मार्च, 2015 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 7/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) द्वारा पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था, के तहत कोई निर्यात शामिल नहीं थे। डीजीएस के आंकड़ों के अनुसार जाँच की अवधि के बाद (अप्रैल-सितंबर, 2019) की अवधि में मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. के भारत को निर्यात *** मी. टन थे जिनमें आईटीसी एचएस कोड 70042019 के तहत *** मी. टन शामिल थे और आईटीसी एचएस कोड 70042011 के तहत कोई निर्यात नहीं थे।

42. असंबद्ध सहयोगी निर्यातक के माध्यम से भारत को सहयोगी उत्पादक का निर्यात एफओबी आधार पर था। सहयोगी उत्पादक ने अंतर्देशीय भाड़ा और पत्तन सार संभाल प्रभारों (एफओबी का *** प्रतिशत) का दावा किया है जबकि सहयोगी निर्यातक ने बैंक प्रभारों (एफओबी का *** प्रतिशत) और ऋण लागत (एफओबी का *** प्रतिशत) का दावा किया है। बिक्री एवं सामान्य प्रशासनिक व्यय तथा निर्यातक के लाभ पर उसे अलग करने के लिए विचार नहीं किया गया है क्योंकि निर्यातक उत्पादक से असंबद्ध है तथा उसने जाँच की अवधि के दौरान लाभ कमाया। डीजीएस आंकड़ों का लेन-देन वार विश्लेषण यह दर्शाता है कि मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. ने जाँच की अवधि के दौरान भारत को एचएस 70042011 अथवा एचएस 70042019 के तहत विचाराधीन उत्पाद निर्यात नहीं किया, परंतु जाँच की अवधि के बाद में एचएस कोड 70042019 के तहत भारत को कुछ निर्यात थे। तद्नुसार, सहयोगी उत्पादक/निर्यातक के लिए जाँच की अवधि के बाद की अवधि के लिए निवल निर्यात कीमत *** अमेरिकी डॉलर के रूप में निकाली गई है। जाँच

की अवधि के बाद की अवधि में वैट के संबंध में सहयोगी निर्यातक से विशेष विश्वसनीय सूचना के अभाव में निर्यात कीमत निवल वैट @ *** प्रतिशत ली गई है।

43. चीन जन. गण. के अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, जिन्होंने निवल निर्यात कीमत के परिकलन के लिए जांचों में सहयोग नहीं किया और विशेष सूचना के अभाव में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे अर्थात समुद्री भाड़ा (*** अमेरिकी डॉलर/ मी. टन, समुद्री बीमा (सीआईएफ का *** प्रतिशत), अंतर्देशीय भाड़ा (*** अमेरिकी डॉलर/मी. टन), पत्तन सार संभाल व्यय (सीआईएफ का *** प्रतिशत), बिक्री कमीशन (एफओबी का *** प्रतिशत), बैंक प्रभार (एफओबी का *** प्रतिशत) और ऋण लागत (*** रुपये/मी. टन) लिये गये हैं। अन्य सभी निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत निवल वैट (*** प्रतिशत) पर ली गई है। अन्य सभी उत्पादकों/निर्यातकों के निर्यातों की मात्रा डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों के अनुसार कुल निर्यात मात्रा से सहयोगी निर्यातक की निर्यात मात्रा घटाकर निकाली गई है। उपर्युक्त के आधार पर अन्य सभी निर्यातकों के लिए निवल निर्यात कीमत जाँच की अवधि के दौरान *** अमेरिकी डॉलर/मी. टन तथा जाँच की अवधि के बाद की अवधि के दौरान *** अमेरिकी डॉलर/ मी. टन निकाली गई है।

44. प्राधिकारी ने मात्राओं एवं कीमतों का सह-संबंध बनाने के लिए डेस्क अध्ययन के भाग के रूप में डीजीएस आंकड़ों के साथ सहयोगी उत्पादक/निर्यातक के नमूना निर्यात बीजकों की जाँच की।

ञ. <u>पाटन मार्जिन</u>

45. उपर्युक्तानुसार सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के सभी निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नलिखित तालिका में दिए गए अनुसार निर्धारित किया जाता है। जाँच की अवधि के बाद की अवधि अप्रैल-सितंबर, 2019 की अवधि उल्लिखित है:

विवरण	सहयोगी निर्यातक	अन्य सभी निर्यातक	
	जाँच की अवधि के बाद की अवधि*	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि
सीएनवी (अमेरिकी डॉलर/मी. टन)	***	***	***
निर्यात कीमत	***	***	***
पाटन मार्जिन (अमेरिकी डॉलर/मी. टन)	***	***	***
पाटन मार्जिन (%)	***	***	***
पाटन मार्जिन (% रेंज)	80-100	220-240	180-200
* जाँच की अवधि में सहयोगी निर्यातक ने भारत को एचएस 70042011 अथवा एचएस 70042019 के तहत विचाराधीन उत्पाद का निर्यात नहीं किया।			

ट. <u>क्षति का मूल्यांकन</u>

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

46. घरेलू उद्योग ने क्षति एवं कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. लागू पाटनरोधी शुल्क बंद करने/रोकने से पाटन एवं क्षति बार-बार होने की संभावना है। यदि चीन से आयातित सामानों पर लागू शुल्क रहने बंद कर दिए जाते हैं तो चीनी निर्यातक भारतीय बाजार को पकड़ लेंगे जिससे घरेलू उद्योग को काफी क्षति होगी।

ii. प्रति दिन उत्पादकता में संबद्ध देश से पाटित आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क के रूप में प्राधिकारी से संरक्षण के कारण आधार वर्ष की तुलना में जाँच की अवधि सहित क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, यह उत्पादकता घरेलू उद्योग को क्षति का कारक नहीं है।

iii. पाटन के स्तर, आयातों की मात्रा, विभिन्न क्षति मानदंडों, निर्यातकों के पास उपलब्ध अधिशेष क्षमताओं, निर्यातों की मालसूची और विश्व में उनकी कीमतों की केवल जाँच की अवधि के बाद के लिए ही जाँच किए जाने की आवश्यकता नहीं है बल्कि पाटन एवं क्षति के जारी रहने अथवा बार-बार होने की संभावना का मूल्यांकन करने के लिए क्षति की अवधि में भी जाँच किए जाने की आवश्यकता है। घरेलू उद्योग को पाटन एवं क्षति का विश्लेषण विद्यमान पाटनरोधी शुल्क के स्तर को ध्यान में रखते हुए तथा निर्यातकों के संभावित भावी व्यवहार को ध्यान में रखते हुए किया जाना अपेक्षित है।

iv. एक निष्कर्ष निकाला जाना है कि क्या पाटनरोधी शुल्क न बढ़ाए जाने का निर्णय लेने से पूर्व संबद्ध देश से पाटित आयातों से घरेलू उद्योग को कोई सतत पाटन अथवा क्षति अथवा अन्यथा उसके बार-बार होने की कोई संभावना नहीं है।

v. डीजीसीआईएंडएस से उपलब्ध आयात आंकड़ों के आधार पर कीमत कटौती सकारात्मक थी और 2016-17 तक काफी थी। तथापि, कीमत कटौती 2016-17 के बाद नकारात्मक हो गई। घरेलू उद्योग ने यह बात दोहराई है कि चीनी निर्यातकों ने जाँच के परिणाम को प्रभावित करने के लिए अपनी कीमतें बनावटी तौर से बढ़ाई हैं। वस्तुतः चीन से कीमतों में पहले ही जाँच की अवधि के बाद की अवधि में भारी गिरावट आई है। घरेलू उद्योग ने अपने इस दावे को सिद्ध करने के लिए चीनी निर्यातकों के जाँच की अवधि के बाद के बीजक संलग्न किए हैं कि चीनी उत्पादकों ने पहले ही जाँच की अवधि के बाद की अवधि में अपनी कीमतें घटाई हैं। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कीमत कटौती अपने आप में क्षति का एक कारक नहीं है।

vi. जाँच की अवधि के लिए उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर कम कीमत पर बिक्री नकारात्मक है। वह प्राधिकारी द्वारा दिए गए पाटनरोधी शुल्क के संरक्षण के कारण है। तथापि, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि लागू पाटनरोधी शुल्क सतत रूप से लगाया जाना उद्योग के बने रहने के लिए महत्वपूर्ण है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि शुल्क बंद किए जाने की स्थिति में आयातित चीनी सामानों की कीमतों में गिरावट आनी निश्चित होगी।

vii. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि यह कानून की निर्धारित स्थिति है कि निर्णायक समीक्षा जांचों में कारणात्मक संपर्क विश्लेषण करना अनिवार्य रूप से अपेक्षित नहीं है। इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी का ध्यान *ऑयल कंट्री ट्यूबलर गुड्स फ्रॉम मैक्सिको (डब्ल्यूटी/डीएस 282/एबी/आर दिनांक 2 नवंबर, 2005)* के मामले में अपीलीय निकाय के निर्णय की ओर आकर्षित किया है।

viii. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत कारणात्मक संपर्क के संबंधित सूचना निम्नलिखित है:

क. संबद्ध सामान प्रमुख रूप से चीन से आयात किए जाते हैं। बाद में, ईरान से भी आयातों में कुछ वृद्धि हुई है।

ख. देश में मांग क्षति जाँच अवधि में बढ़ी है। अतः मांग में गिरावट घरेलू उद्योग को क्षति का कारक नहीं है।

ग. संबद्ध सामानों के लिए एक ही बाजार है, जहां पाटित आयात घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामानों के साथ सीधे ही प्रतिस्पर्द्धा करते हैं। कीमत आपूर्तिकर्ता की पसंद निर्धारित करती है। पाटित सामान देशी उत्पादक के उत्पाद का प्रतिस्थापन कर रहे हैं। आयातित उत्पाद भी घरेलू रूप से उत्पादित संबद्ध सामानों के रूप में समान वाणिज्यिक ग्रेडों, मानकों और विशिष्टियों को पूरा करने के लिए बेचे जाते हैं। आयातित सामान और घरेलू रूप से उत्पादित सामान समान वस्तु हैं और समान अनुप्रयोगों/ अंतिम प्रयोगों के लिए प्रयुक्त किए जाते हैं। कीमत आयातित स्रोतों अथवा घरेलू स्रोतों से वस्तु की खरीद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक होता है। घरेलू उद्योग संबद्ध सामानों के संबंध में उपयुक्त बिक्री/लाभ वसूल नहीं कर रहा है। यह सीधे ही संबद्ध देश से कम कीमत वाले आयातों के कारण हो सकता है क्योंकि घरेलू उद्योग हमेशा संबद्ध देश से आयातकों द्वारा पेश की गई कीमतों से तुलना करने की उम्मीद करता है। इसके अतिरिक्त, शीट ग्लास उद्योग मांग और आपूर्ति बलों के आधार पर निर्धारित की जा रही कीमतों के साथ उचित प्रतिस्पर्द्धी स्थितियों के तहत प्रचालन करता है। संबद्ध देश से पाटित

सामानों की अनुचित कीमत ही प्राथमिक रूप से और प्रमुख रूप से घरेलू उत्पादक पर बनाए जा रहे अनुचित कीमत दबाव के लिए उत्तरदायी है जिससे घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है। यदि आयात उचित सामान्य कीमत पर किए जाते हैं तो घरेलू उद्योग पूर्णतः आयातों से प्रतिस्पर्द्धा करने की स्थिति में है।

घ. ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां अथवा प्रौद्योगिकी संबंधी मुद्दे नहीं हैं जिन्हें घरेलू उद्योग को क्षति होने का कारण कहा जा सके।

ङ. घरेलू उद्योग की उत्पादकता क्षति जाँच अवधि में लगभग स्थिर रही है। अतः उत्पादकता घरेलू उद्योग को क्षति का कारण नहीं है।

च. घरेलू उद्योग ने समीक्षा की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों का निर्यात नहीं किया है। तद्नुसार, निर्यात के निष्पादन के कारण घरेलू उद्योग का क्षति का प्रश्न ही नहीं उठता।

<u>विरोधी पक्षकारों के विचार</u>

47. क्षति के संबंध में विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने संबद्ध देश से आयातों के कारण निरंतर क्षति सिद्ध करने के लिए कोई दावा नहीं किया है अथवा कोई मामला नहीं बनाया है।

ii. घरेलू उद्योग को पाटन और/अथवा क्षति बार-बार होने की कोई संभावना नहीं है।

iii. चीन जन. गण. से आयात 2015-16 में 40,847 मी. टन से काफी घटकर 2017-18 में 6,774 मी. टन हुए हैं और तभी से आयात निरंतर गिरावट पर रहे हैं। आयात जाँच की अवधि में 4,160 मी. टन तक गिरे हैं।

iv. मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब्स लिमिटेड और मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. के संयुक्त आंकड़ों पर इस जाँच के प्रयोजन के लिए घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंडों के अनुकूल विश्लेषण के लिए विचार किए जाने की आवश्यकता है।

v. घरेलू द्योग को क्षति नहीं है और आर्थिक मानदंड अच्छे हैं।

vi. घरेलू उद्योग की कीमत और लाभप्रदता के मानदंडों ने काफी सुधार दर्शाया है।

vii. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री मात्रा क्षति की अवधि में निरंतर और काफी बढ़ी है।

viii. चूंकि, रखी गई भारी मालसूची बढ़ रही बिक्री मात्रा को पूरा करने के लिए बढ़ी है। अतः वह क्षति का संकेतक नहीं है।

ix. कर्मचारियों की संख्या क्षति की अवधि में *** से बढ़कर *** हुई है जो बढ़ी हुई क्षमता के अनुरूप है।

x. वर्तमान जाँच में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार सतत क्षति की कोई स्थिति नहीं है।

xi. पाटन एवं क्षति के जारी रहने/बार-बार होने की कोई संभावना नहीं है।

xii. संबद्ध देश से आयातों की मात्रा में सापेक्ष संदर्भ में गिरावट आई है।

xiii. भारत में आयात उन कीमतों पर नहीं आ रहे हैं जिनसे घरेलू कीमतों पर काफी न्यूनीकरण अथवा ह्रासमान प्रभाव हो।

xiv. संबद्ध देश से कीमत कटौती काफी नकारात्मक है।

xv. संबद्ध देश में क्षमता कम हुई है और संबद्ध देश में काफी अनुपयुक्त क्षमताएं नहीं हैं।

xvi. चीन जन. गण. में अतिरिक्त क्षमताओं का कोई साक्ष्य नहीं है।

xvii. उत्पादक तथा निर्यातक ने दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय, केशवराम रेयन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी एवं अन्य 2017 (166) डीआरजे 417 उल्लिखित किया है जिसमें न्यायालय ने प्राधिकारी की स्थिति सुनिश्चित की है कि केवल अत्यधिक क्षमताओं की मौजूदगी भारत में निर्यात भेजने की संभावना के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं है। ऐसी संभावना और अत्यधिक क्षमताओं के बीच कारणात्मक संपर्क लिया जाना चाहिए।

xviii. जाँच की अवधि के बाद की अवधि के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई है।

xix. तीसरे देश को निर्यात कीमत भारत को निर्यात कीमत से अधिक है।

xx. घरेलू उद्योग के आंकड़े और "पाटन एवं क्षति के बार-बार होने की संभावना" निर्धारित करने के लिए कारकों का मूल्यांकन अनुपयुक्त है तथा रद्द किए जाने योग्य है।

xxi. क्षति यदि कोई है, तो वह आयातों को छोड़कर अन्य कारणों से है, यथा – मांग में गिरावट, घरेलू उद्योग की न्यूनीकृत कीमत, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन।

xxii. यदि घरेलू उद्योग को कोई क्षति हो रही है तो वह संबद्ध आयातों को छोड़कर अन्य कारकों के कारण है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

48. प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति विश्लेषण निम्नलिखित रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को हल करता है।

49. चूंकि, आवेदक मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. का आधार वर्ष 2015-16 में कोई वाणिज्यिक उत्पादन नहीं था, जबकि मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब्स लिमिटेड एक मात्र उत्पादक था, निरंतरता के लिए और तुलना को सुकर बनाने के लिए दोनों आवेदकों अर्थात मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. और समर्थक मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब्स लिमिटेड के आंकड़ों पर क्षति विश्लेषण के लिए विचार किया गया है।

50. अनुबंध-।। के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में यह उपबंध है की कि किसी क्षति जाँच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ... "ऐसे कारकों की जाँच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।"

51. नियमावली के नियम 23 में यह प्रावधान है कि नियम 6, 7, 8, 9, 10, 11, 16, 17, 18, 19 और 20 के प्रावधान समीक्षा के मामले में यथा आवश्यक संशोधन सहित लागू होंगे। यदि घरेलू उद्योग का निष्पादन यह दर्शाता है कि उसे वर्तमान क्षति अवधि के दौरान क्षति नहीं हुई है तो प्राधिकारी यह निर्धारित करेंगे कि क्या वर्तमान शुल्क को बंद करने से घरेलू उद्योग को क्षति बार-बार होने की संभावना है।

52. इस संबंध में, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन और क्षति के संभावित पहलुओं की जाँच करने से पूर्व घरेलू उद्योग को वर्तमान क्षति, यदि कोई है, की जाँच करने के लिए कार्रवाई करते हैं। इस प्रयोजन के लिए प्राधिकारी ने उन तत्वों पर विचार किया है जिनका नियमावली के अनुबंध-2 के अनुसार उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री की मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिक्री वसूली तथा पाटन की मात्रा और मार्जिन के रूप में उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है।

ठ. <u>मांग का मूल्यांकन</u>

53. प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच के प्रयोजन के लिए आवेदक की घरेलू बिक्री और कैप्टिव खपत की मात्रा के रूप में तथा सभी स्रोतों से आयातों की मात्रा के रूप में भारत में संबंधित उत्पाद की मांग अथवा स्पष्ट खपत परिभाषित की है। इस प्रकार मूल्यांकित मांग निम्नलिखित तालिका में दी गई है:

विवरण	यूओएम	2015-16	2016-17	2017-18	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)
कैप्टिव सहित घरेलू उद्योग की बिक्री	मी. टन	***	***	***	***	***	***
ईमर्ज ग्लास की बिक्री (कैप्टिव सहित)	मी. टन	***	***	***	***	***	***
भारत ग्लास की बिक्री (कैप्टिव सहित)	मी. टन	***	***	***	***	***	***
संबद्ध देश से आयात	मी. टन	9,897	4,010	157	148	327	655
अन्य देशों से आयात	मी. टन	106	401	1,875	0	0	0
कुल मांग	मी. टन	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100.0	309.8	320.0	288.6	125.7	251.4

<u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

i. <u>आयात मात्रा और आयातों का बाजार हिस्सा</u>

54. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी को इस बात पर विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या पूर्ण दृष्टि से अथवा भारत में उत्पादन या खपत की दृष्टि से पाटित आयातों में काफी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजन के लिए प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से लिए गए लेन-देन वार आयात आंकड़ों पर विश्वास किया है।

विवरण	यूओएम	2015-16	2016-17	2017-18	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)
आयात मात्रा							
संबद्ध देश से आयात	मी. टन	9,897	4,010	157	148	327	655
अन्य देशों से आयात	मी. टन	106	401	1,875	0	0	0
कुल आयात	मी. टन	10,003	4,411	2,032	148	327	655
के संबंध में संबद्ध देश से आयात							
भारतीय उत्पादन	%	***	5	2	0	1	1
मांग	%	***	5	1	0	1	1

55. यह देखा जाता है कि संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयात क्षति की अवधि में और जाँच की अवधि में पूर्ण संख्याओं के संदर्भ में कम हुए हैं। उसके बाद वृद्धि हुई थी। इसी प्रकार, घरेलू उत्पादन के अनुपात के रूप में और कुल मांग के अनुपात के रूप में भी संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों में पूरी क्षति अवधि और जाँच की अवधि में घटती हुई प्रवृत्ति दर्शाई और जाँच की अवधि के बाद की अवधि में वृद्धि दर्शाई।

ङ. <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

56. नियमावली के अनुबंध-2(ii) के अनुसार प्राधिकारी को कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमत न्यूनीकरण तथा कीमत ह्रास, यदि कोई है, के संदर्भ में घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करना अपेक्षित होता है।

i. <u>कीमत कटौती</u>

57. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी को इस बात पर विचार करना अपेक्षित होता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत से तुलना करके पाटित आयातों द्वारा काफी कीमत कटौती हो रही है अथवा क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा काफी मात्रा में कीमतों का न्यूनीकरण करने के लिए है अथवा कीमत वृद्धि रोकने के लिए है जो अन्यथा काफी मात्रा में हुई होती। इस संबंध में, उत्पाद के पहुँच मूल्य और घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच व्यापार के समान स्तर पर सभी निवल छूटों और करों पर तुलना की गई है। घरेलू उद्योग की कीमतें कारखानागत स्तर पर निर्धारित की गई थीं।

58. कीमत कटौती का मूल्यांकन जाँच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों की भारत में घरेलू बिक्री कीमत के साथ आयातों की पहुँच कीमत से तुलना करके किया गया है। यह देखा जाएगा कि आयातों की पहुँच कीमत जाँच की अवधि के बाद की अवधि में 2017-18 से घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत से कम थी।

विवरण	**यूओएम**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**जाँच की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)**
आयातों की पहुँच कीमत	रु./मी. टन	19,298	22,357	11,417	16,449	17,206	17,206
निवल बिक्री कीमत	रु./मी. टन	***	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	रु./मी. टन	***	***	***	***	***	***
	%	***	***	***	***	***	***
	रेंज (%)	(0)-(20)	(0)-(20)	80-100	20-40	20-40	20-40

ii. <u>कीमत न्यूनीकरण एवं ह्रास</u>

59. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयातों का प्रभाव काफी मात्रा में कीमतों का ह्रास करने तथा कीमत वृद्धि रोकने के लिए है जो अन्यथा हुई होती, क्षति की अवधि में लागतों और कीमतों में परिवर्तनों के लिए घरेलू उद्योग द्वारा दी गई सूचना की तुलना वांछित प्रभाव देखने के लिए पहुँच मूल्य से की गई है। ब्यौरे निम्नलिखित हैं:

विवरण	**यूओएम**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**जाँच की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)**
आयातों की पहुँच कीमत – संबद्ध देश	रु./मी. टन	19,298	22,357	11,417	16,449	17,206	17,206
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	116	59	85	89	89
घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत	रु./मी. टन	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	90	93	106	101	101
घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत	रु./मी. टन	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102	116	117	113	113

60. निम्नलिखित देखा जाता हैः

i. आयातों की पहुँच कीमत क्षति अवधि के पहले दो वर्षों में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों से अधिक थीं और उसके बाद बिक्री कीमत से कम रही हैं।

ii. आयातों की पहुँच कीमत 2015-16, 2017-18, जाँच की अवधि और जाँच की अवधि के बाद की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम थी।

iii. <u>कम कीमत पर बिक्री</u>

61. कम कीमत पर बिक्री का मूल्यांकन संबद्ध सामानों के पहुँच मूल्य के साथ क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की तुलना करके किया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कम कीमत पर बिक्री क्षति के मूल्यांकन का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। एनआईपी का निर्धारण नियमावली के अनुबंध-3 के अनुसार जाँच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर विचार करके किया गया है।

62. संबद्ध देश से संबद्ध सामानों की पहुँच कीमत का परिकलन भी भारत में सीआईएफ कीमत एवं सीमा शुल्क तथा उस पर अधिभार पर विचार करते हुए किया गया है। यह देखा जाता है कि जाँच की अवधि में क्षति मार्जिन पाटनरोधी शुल्क सहित और शुल्क के बिना अन्य निर्यातकों के लिए सकारात्मक था। क्षति मार्जिन पाटनरोधी शुल्क सहित और उसके बिना जाँच की अवधि के बाद की अवधि के दौरान सहयोगी निर्यातक के लिए सकारात्मक था।

विवरण	**यूओएम**	**सहयोगी निर्यातक**	**अन्य सभी निर्यातक**	
		जाँच की अवधि के बाद की अवधि	**जाँच की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि**
एडीडी के बिना				
आयात मात्रा	मी. टन	***	***	***
आयातों की पहुँच कीमत	अमेरिकी डॉलर/मी. टन	***	***	***
क्षति रहित कीमत	अमेरिकी डॉलर/मी. टन	***	***	***
कम कीमत पर बिक्री	अमेरिकी डॉलर/मी. टन	***	***	***
	%	***	***	***
	रेंज	20-40	40-60	40-60
एडीडी सहित				
आयात मात्रा	मी. टन	***	***	***
आयातों की पहुँच कीमत	अमेरिकी डॉलर/मी. टन	***	***	***
क्षति रहित कीमत	अमेरिकी डॉलर/मी. टन	***	***	***
कम कीमत पर बिक्री	अमेरिकी डॉलर/मी. टन	***	***	***
	%	***	***	***
	रेंज	0-20	0-20	0-20

ढ. <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड</u>

63. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में उन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जाँच शामिल होगी। इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में नियमावली में यह भी उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जाँच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह,

मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा।

64. घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मानदंडों पर निम्नलिखित रूप में चर्चा की जाती है:

i. <u>उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा</u>

65. उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नलिखित है:

विवरण	**यूओएम**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**जाँच की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)**
क्षमता	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	261	261	261	261
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	100	100	100
कुल उत्पादन	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	457	478	507	490
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	105	111	107
कुल क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	175	183	195	188
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	105	111	107
कैप्टिव सहित घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	459	489	450	389
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	106	98	85
कैप्टिव को छोड़कर घरेलू बिक्री	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	450	471	429	371
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	105	95	82

66. प्राधिकारी निम्नलिखित नोट करते हैं:

i. घरेलू उद्योग अर्थात मैसर्स एनर्जी ग्लास इंडिया लि. 2016-17 में अस्तित्व में आया। समर्थक मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब लिमिटेड उससे भी पूर्व प्रचालन में था। घरेलू उद्योग और समर्थक द्वारा संस्थापित क्षमता जाँच की अवधि और जाँच की अवधि के बाद की अवधि सहित पूरी क्षति की अवधि में 2016-17 से समान रही।

ii. घरेलू उद्योग का कुल उत्पादन विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन सहित आधार वर्ष से जाँच की अवधि तक बढ़ा। तथापि, उसमें जाँच की अवधि के बाद की अवधि में गिरावट आई।

iii. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री की प्रवृत्ति कैप्टिव एवं कैप्टिव को छोड़कर, दोनों क्षति की अवधि के दौरान बढ़ीं, परंतु जाँच की अवधि के दौरान और उसके बाद जाँच की अवधि के बाद की अवधि में उसमें गिरावट आई।

ii. <u>मांग में बाजार हिस्सा</u>

67. आरोपित पाटित आयातों और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से की निम्नलिखित रूप में जाँच की गई है:

विवरण	यूओएम	2015-16	2016-17	2017-18	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)
कैप्टिव सहित घरेलू उद्योग की बिक्री*	%	***	***	***	***	***	***
संबद्ध देश से आयात	%	35.6	4.7	0.2	0.2	0.9	0.9
अन्य देशों से आयात	%	0.4	0.5	2.1	0.0	0.0	0.0
कुल मांग	%	100	100	100	100	100	100
* चूंकि, एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. का आधार वर्ष 2015-16 में कोई वाणिज्यिक उत्पादन नहीं था, जबकि मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब्स लिमिटेड एक मात्र उत्पादक था, निरंतरता के लिए और तुलना को सुकर बनाने के लिए दोनों आवेदकों अर्थात मैसर्स एमर्ज ग्लास इंडिया प्रा. लि. और समर्थक मैसर्स भारत ग्लास ट्यूब्स लिमिटेड के आंकड़ों पर क्षति विश्लेषण के लिए विचार किया गया है।							

68. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग का कैप्टिव खपत सहित बाजार हिस्सा जाँच की अवधि सहित पूरी क्षति अवधि में बढ़ा है। तथापि, जाँच की अवधि के बाद की अवधि में उसमें आंशिक गिरावट आई थी। संबद्ध देश के बाजार हिस्से में जाँच की अवधि सहित क्षति की अवधि में गिरावट आई, परंतु क्षति की अवधि के बाद उसमें वृद्धि हुई।

iii. <u>मालसूची</u>

69. निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए अनुसार संबद्ध सामानों की मालसूची से संबंधित आंकड़े आधार वर्ष की तुलना में जाँच की अवधि और जाँच की अवधि के बाद की अवधि में वृद्धि दर्शाते हैं:

विवरण	यूओएम	2015-16	2016-17	2017-18	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)
अंतिम स्टॉक	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	103	100	127	954

iv. <u>लाभ अथवा हानि, नकद लाभ एवं निवेश पर आय</u>

70. घरेलू उद्योग की लाभ/हानि, नकद लाभ एवं निवेश पर आय निम्नलिखित है:

विवरण	यूओएम	2015-16	2016-17	2017-18	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)
लाभ/(हानि)	लाख रु.	(***)	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	272	794	150	228
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	404	29	74
नकद लाभ	रु./मी. टन	(***)	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	497	760	747	412
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	166	163	79
नियोजित पूंजी पर आय	%	(***)	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	125	225	108	125
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	500	33	100

71. यह देखा जाता है कि लाभ/(हानि), नकद लाभ तथा नियोजित पूंजी पर आय में क्षति की अवधि में नकारात्मक से सकारात्मक में सुधार हुआ है, परंतु उनमें 2017-18 की तुलना में जाँच की अवधि में और जाँच की अवधि के बाद की अवधि में गिरावट आई।

v. <u>रोजगार एवं उत्पादकता</u>

72. रोजगार एवं मजदूरी के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:

विवरण	**यूओएम**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**जाँच की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)**
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	180	181	190	186
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	101	105	103
उत्पादकता/कर्मचारी	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	254	264	267	262
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	104	105	104
उत्पादकता/दिन	मी. टन	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति (2015-16)	सूचीबद्ध	100	454	475	505	488
प्रवृत्ति (2016-17)	सूचीबद्ध	-	100	105	111	107

73. क्षति अवधि और जाँच की अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई, परंतु जाँच की अवधि के बाद की अवधि में आंशिक गिरावट आई। साथ ही, उत्पाकता प्रति दिन तथा प्रति कर्मचारी में क्षति की अवधि और जाँच की अवधि में वृद्धि हुई, परंतु जाँच की अवधि के बाद की अवधि में आंशिक गिरावट आई।

vi. <u>वृद्धि दर</u>

74. वृद्धि दर के परिकलन के लिए आधार वर्ष 2016-17 लिया गया है क्योंकि दोनों आवेदक तथा समर्थक घरेलू उत्पादक उस वर्ष के दौरान प्रचालन में थे। निम्नलिखित तालिका यह दर्शाती है कि घरेलू उद्योग ने मात्रा एवं कीमत मानदंडों, यथा – उत्पादन, क्षमता उपयोग, बाजार हिस्से के संदर्भ में क्षति की अवधि और जाँच की अवधि के दौरान सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है और उसके बाद गिरावट दर्ज की, जबकि घरेलू बिक्री, लाभ, नकद लाभ तथा निवेश पर आय 2017-18 तक बढ़े हैं, परंतु उसके बाद उनमें गिरावट आई।

विवरण	**यूओएम***	**2017-18**	**जाँच की अवधि**	**जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)**
कुल उत्पादन	सूचीबद्ध	5	6	-4
कैप्टिव सहित घरेलू बिक्री	सूचीबद्ध	6	-8	-13
कुल क्षमता उपयोग	सूचीबद्ध	5	6	-4
कैप्टिव सहित घरेलू उद्योग की बिक्री का बाजार हिस्सा	सूचीबद्ध	2.8	2.1	-0.7
लाभ/(हानि)	सूचीबद्ध	304	-375	45
नकद लाभ	सूचीबद्ध	66	-3.4	-84.2
नियोजित पूंजी पर आय	सूचीबद्ध	400	-467	67
* ये आंकड़े संबंधित तत्वों की वृद्धि हैं।				

ण. <u>पाटन तथा क्षति जारी रहने अथवा बार-बार होने की संभावना</u>

75. प्राधिकारी यह पाते हैं कि यह एक निर्णायक समीक्षा जाँच है और इस जाँच का जोर वर्तमान क्षति न होने पर भी पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की अनुमति दिए जाने पर सतत पाटन एवं परिणामस्वरूप क्षति के संभावित परिदृश्य की जाँच करना है।

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

i. घरेलू उद्योग ने चीन में नई-नई बढ़ाई गई क्षमताओं को सिद्ध करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किया है। यह दर्शाता है कि चीन जन. गण. में संबद्ध सामानों के उत्पादन में क्षमता वृद्धि हुई है।

ii. घरेलू उद्योग भारतीय ग्राहकों को कुछ चीनी निर्यातकों द्वारा पेश की गई कीमतें प्राप्त करने में भी सक्षम था। अनुरोध है कि चीनी निर्यातकों द्वारा उद्धृत कीमतें अवास्तविक रूप से कम हैं।

iii. घरेलू उद्योग भारतीय ग्राहक को एक चीनी निर्यातक द्वारा किए गए निर्यात का वाणिज्यिक बीजक प्राप्त करने में भी सक्षम था। जिस कीमत पर उपर्युक्त चीनी निर्यातक ने संबद्ध सामानों की बिक्री की है, वह दर्शाता है कि शुल्क की समाप्ति का प्रभाव घरेलू उद्योग पर कितना पड़ सकता है। यद्यपि, पेश की गई कीमतें घरेलू उद्योग की लागत से कम हैं, तथापि घरेलू उद्योग मानता है कि विद्यमान शुल्कों को हटाए जाने की स्थिति में वह कीमत भारतीय बाजार में विद्यमान होनी शुरू हो जाएगी।

iv. जाँच की अवधि के बाद की अवधि के आयात आंकड़ों के आधार पर परिकलित कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री, पाटन मार्जिन सकारात्मक है और काफी है। यह दर्शाता है कि शुल्क हटाए जाने से घरेलू उद्योग की बदतर हालत हो जाएगी।

v. सूचना अभियान से प्राप्त आयात आंकड़ों के अनुसार यद्यपि जाँच की अवधि में आयात की मात्रा 4160 मी. टन, तथापि जाँच की अवधि के बाद की अवधि में 5 माह में अकेले आयातों की मात्रा 5871 मी. टन रही है। इसके अतिरिक्त, जाँच की अवधि के बाद की अवधि में आयात कीमतें भी निरंतर गिरावट में देखी गई हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि चीनी निर्यातकों ने जाँच की अवधि के बाद निर्यात की मात्रा नीतिगत रूप से कम की है। यद्यपि, उन्होंने वर्तमान जाँच के परिणाम को प्रभावित करने के लिए कीमतें बढ़ाई हैं।

<u>विरोधी पक्षकारों के विचार</u>

76. पाटन और क्षति के जारी रहने और बार-बार होने की संभावना के संबंध में सहयोगी उत्पादक और निर्यातक के अनुरोध संक्षेप में नीचे दिए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने "इंफो ड्राइव" से आयात आंकड़ों का उल्लेख किया है जो एक अविश्वसनीय गौण स्रोत है और जिसे सही नहीं माना जा सकता।

ii. संबद्ध आयातों की मात्रा में भी पूर्ण दृष्टि से और उत्पादन एवं खपत के संदर्भ में गिरावट आई है। संबद्ध आयातों की मात्रा में भारत में कुल आयातों के संबंध में तथा भारतीय उत्पादन एवं खपत के संबंध में गिरावट आई है।

iii. जाँच की अवधि के बाद की अवधि से संबंधित कोई भी आंकड़े आवेदक द्वारा नहीं दिए गए हैं।

iv. आवेदक की लागत कम हुई है और बिक्री कीमत बढ़ी है। यह दर्शाता है कि आवेदक की कीमत संबद्ध आयातों की कीमत की प्रवृत्ति से अप्रभावित है। स्पष्ट रूप से कीमत न्यूनीकरण तथा ह्रास का कोई संकेत नहीं है।

v. पाटनरोधी शुल्क जोड़े बिना आयातों का पहुँच मूल्य निरंतर बढ़ता रहा है। कम कीमत पर बिक्री भी नकारात्मक है।

vi. संबद्ध देश चीन जन. गण. से कीमत कटौती काफी नकारात्मक है। इसका अर्थ यह है कि:

क. यदि बाजार दरें चीनी कीमतों को दर्शाती थीं तो आवेदक अपनी बिक्री कीमत काफी नहीं बढ़ा पाया।

ख. आवेदक ने अपनी कीमतें आयातों के मूल्य/कीमत से अत्यधिक कम रखने का विकल्प लिया अथवा आवेदक संबद्ध आयातों की मात्रा और मूल्य को छोड़कर अन्य कारकों के कारण अपनी कीमतें बढ़ाने में असमर्थ था।

ग. आवेदक को इन कम कीमतों के कारण हानियां हुई हैं जिन पर उसने संबद्ध देश द्वारा अपनी कीमतें काफी बढ़ाए जाने के बावजूद बिक्री करना जारी रखा। यह उसके पीबीआईटी के उस समय नकारात्मक होने से सिद्ध है जब आयात कीमतें आवेदक की बिक्री कीमत से काफी अधिक हैं।

घ. आवेदक जानबूझकर प्राधिकारी तथा सहयोगी निर्यातक को चीनी कीमतों की वैश्विक कीमतों से तुलना करने के लिए अथवा वैश्विक रूप से कीमत प्रवृत्तियों को समझने के लिए वंचित करते हुए गैर संबद्ध देश से आयात आंकड़ों की पहचान करने मे विफल रहा है।

vii. चीन जन. गण. में विद्यमान संयंत्रों की सक्रिय बंदी हुई है। चीन जन. गण. में ग्लास और सीमेंट की क्षमताओं को नियंत्रित करने के लिए और प्रदूषण के संबंध में चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार 2014 से अपने उत्पादन को नियंत्रित और विनियमित करती रही है। अतः कोई अत्यधिक क्षमताएं नहीं हैं।

viii. सहयोगी उत्पादक तथा निर्यातक के पास संबद्ध सामानों की ज्यादा मालसूची नहीं है बल्कि इसके बजाए वे घरेलू बाजार और/अथवा तीसरे देश के निर्यात बाजारों में उसकी बिक्री करते हैं।

ix. चीन जन. गण. में संबद्ध सामानों की घरेलू बिक्री कीमत और तीसरे देशों को संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत भारत में संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत से अधिक है। सहयोगी उत्पादक को भारत द्वारा पाटनरोधी शुल्क हटाए जाने की स्थिति में भारत को तीसरे देशों के लिए निर्यात अथवा अपनी घरेलू बिक्री बदलने के लिए कोई वाणिज्यिक प्रोत्साहन नहीं है।

x. एक वाणिज्यिक बीजक के आधार पर संभावना विश्लेषण किया गया है जो पूर्णतः तर्कहीन है।

<u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

77. प्राधिकारी ने पाटन अथवा क्षति के जारी रहने अथवा बार-बार होने की संभावना का मूल्यांकन करने के लिए घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई विविध सूचनाओं पर विचार किया है। संभावना के मानदंडों की जाँच निम्नलिखित रूप में हैः

i. जाँच की अवधि के बाद की अवधि में विचाराधीन उत्पाद के आयात

आयात मात्रा	यूओएम	जाँच की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि	जाँच की अवधि के बाद की अवधि (ए)
संबद्ध देश	मी. टन	148	327	655

78. भारत में जाँच की अवधि के बाद की अवधि के आयातों की जाँच करने के लिए प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस से आंकड़े प्राप्त किए हैं और उससे यह पाया है कि जाँच की अवधि के बाद की अवधि के दौरान आयातों में जाँच की अवधि से तुलना करने पर वृद्धि हुई है।

ii. निर्यातक की क्षमता

79. प्राधिकारी कोई यह जाँच करना अपेक्षित है कि क्या निर्यातक देश के पास विचाराधीन उत्पाद का निर्यात करने के लिए अधिशेष क्षमता है। संबद्ध देश के पास अपनी घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता होनी चाहिए और उससे अधिक कोई भी क्षमता वह क्षमता मानी जाती है जो निर्यात के लिए होती है। घरेलू उद्योग ने आईटीसी ट्रेड मैप का भी उल्लेख किया है जिसमें यह उल्लिखित किया गया है कि जहां तक एचएस 700420 का संबंध है, चीन के पास उच्चतम निर्यात क्षमता है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने एक ई-मेल पत्राचार प्रस्तुत किया है जिसमें चीन के उत्पादक/निर्यातक ने उल्लेख किया है कि उन्होंने क्लीयर शीट ग्लास की एक और उत्पादन लाइन जोड़ी है।

iii. बाजार के रूप में भारत की आकर्षकता

80. प्राधिकारी को यह सिद्ध करना अपेक्षित है कि घरेलू बाजार अर्थात भारत में विद्यमान कीमत तीसरे देशों को निर्यात की गई मात्रा बदलने के लिए निर्यातक के लिए आकर्षक है। आवेदक ने यह दर्शाते हुए कोई आंकड़े अथवा सूचना प्रस्तुत नहीं की है कि भारतीय बाजार में कीमत तीसरे देशों में विद्यमान कीमतों से अधिक आकर्षक है। यह देखा जा सकता है कि आयातों का पहुँच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत तथा निवल बिक्री कीमत से कम है। प्राधिकारी ने संबद्ध देश से तीसरे देशों को निर्यातों की कीमत की भी जाँच की है और यह पाया जाता है कि संबद्ध देश के निर्यातक विचाराधीन उत्पाद का निर्यात कई देशों को भारतीय कीमतों से कम कीमतों पर कर रहे हैं जो स्पष्ट रूप से भारतीय बाजार की कीमत आकर्षकता दर्शाता है। आईटीसी ट्रेड मैप से आंकड़े छः अंकों में उपलब्ध हैं और वह दर्शाता है कि संबद्ध देश से निर्यातित 700420 की 51.6 प्रतिशत मात्रा 2008 में भारत को निर्यातित की गई मात्रा से कम दर पर थी। पाटनरोधी शुल्क बंद किए जाने की स्थिति में संबद्ध देश में निर्यातकों के पाटित कीमतों पर भारत में उत्पाद का निर्यात करने की संभावना है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति होगी।

विवरण	**यूओएम**	**चीन जन.गण . जाँच की अवधि के बाद की अवधि**
आयातों की पहुँच कीमत	रुटन .मी/.	17,206
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत	रुटन .मी/.	***
घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत	रुटन .मी/.	***

iv. जाँच की जा रही वस्तु की मालसूची

81. यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि घरेलू उद्योग की मालसूची क्षति अवधि में, जाँच की अवधि में और जाँच की अवधि के बाद की अवधि में बढ़ती रही है। चीन से सहयोगी निर्यातक की मालसूची निम्नलिखित है:

विवरण	**यूनिट**	**2016**	**2017**	**2018**	**जाँच की अवधि**
मालसूची	मी. टन	***	***	***	***

त. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

82. घरेलू उद्योग से प्रकटन पश्चात टिप्पणियां प्राप्त हो गई हैं, मैसर्स शानडोंग गुआंग्यो सुपर थिन ग्लास कं. लि. ने असंबद्ध पक्षकार के माध्यम से निर्यात बिक्री की, मैसर्स झोंगवी इंटरनेशनल इंडस्ट्री कं. लि. (उत्पादक/निर्यातक) ने भारत को तथा मैसर्स अजंता एलएलपी (आयातक) को निर्यात बिक्री की। इन हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दे व्यापक रूप से दोहराए गए हैं और जांच के दौरान पूर्व में उठाए गए थे तथा उपयुक्त रूप से हल भी कर दिए गए थे। तथापि, स्पष्टता के लिए हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नलिखित रूप में जांच की गई:

घरेलू उद्योग द्वारा टिप्पणियां

i. प्रकटन विवरण दिनांक 30 जनवरी, 2020 को जारी किया था और इस विवरण पर अनुरोध दायर करने के लिए संबंधित हितबद्ध पक्षकारों को 6 फरवरी, 2020 तक का समय दिया गया था। घरेलू उद्योग (डीआई) ने दिनांक 3 फरवरी, 2020 के पत्र द्वारा प्राधिकारी से अनुरोध किया कि वे प्रकटन पर टिप्पणियां दायर करने के लिए 7 दिन का अतिरिक्त समय दें । प्राधिकारी ने नोट किया चूंकि विद्यमान पाटनरोधी शुल्क केवल 12 मार्च, 2020 तक लागू है और इसीलिए आवश्यक समय सीमा बिना विलंब के अंतिम जांच परिणाम जारी किए जाने के लिए अपेक्षित है । ताकि केन्द्र सरकार के पास प्राधिकारी की सिफारिशों पर उपाय की समाप्ति से पूर्व पर्याप्त समय हो। अत: समय बढ़ाने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया था ।

ii. फिर घरेलू उद्योग ने 6 फरवरी, 2020 के पत्र द्वारा प्रकटन विवरण पर निम्नलिखित रूप में विस्तृत टिप्पणियां दीं।

(क) उनके द्वारा सार्वजनिक सुनवाई लिखित अनुरोधों और प्रत्युत्तर विवरण में उठाए गए मुद्दे कोई उल्लेख नहीं पाते तथा प्रकटन विवरण में उचित रूप से नहीं दिए गए हैं।

(ख) विवरण का पैरा 19 जिसमें यह उल्लेख है कि *"आठ अंकीय स्तर पर इस निर्णायक समीक्षा के प्रयोजन के लिए संबद्ध सामानों का वर्गीकरण 70042011 और 70042019 है"*, भारतीय अधिसूचना पैरा 17 में प्राधिकारी की अपनी टिप्पणी और इन वर्षों में विभिन्न जांचों में प्राधिकारी के सतत दृष्टिकोण का विरोधीभासी है। यह एक निर्धारित स्थिति है कि पाटनरोधी जांच में उत्पाद क्षेत्र जांच परिणाम में उल्लिखित एचएस कोड/प्रशुल्क वर्गीकरणों से बाधित नहीं है बल्कि वह संगत जांच परिणाम में परिभाषित विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा से शासित है। प्राधिकारी ने मूल जांच में अपने अंतिम जांच परिणाम जारी करते समय शुल्क तालिका में दो प्रशुल्क शीर्षों अर्थात 70042011 और 70042019 का उल्लेख किया था। तथापि, शुल्क तालिका में एक परंतुक भी निहित था कि प्रशुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक प्रयोजन के लिए है और आयात जांच परिणाम में परिभाषित उत्पाद क्षेत्र से शासित होंगे।

(ग) प्रकटन विवरण के पैरा 8 और जांच की शुरूआत की अधिसूचना में यह उल्लेख है कि वर्तमान समीक्षा के क्षेत्र में संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों से संबंधित पूर्व जांच के सभी पहलू शामिल हैं। अतः प्राधिकारी के लिए इस विरोधहीन तथ्य के बावजूद दो प्रशुल्क शीर्षों तक ही वर्तमान जांच का क्षेत्र सीमित करना उपयुक्त नहीं होगा कि विचाराधीन उत्पाद अन्य शीर्षों के तहत भी आयातित किया जा रहा है। यह तथ्य कि विचाराधीन उत्पाद अन्य विभिन्न शीर्षों के तहत आयात किया जा रहा है, डीजीसीआईएस के आयात आंकड़ों से सिद्ध है और सीमा शुल्क आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि की जा सकती है। यहां तक कि निर्यातकों ने पुष्टि की है कि उन्होंने सीमा शुल्क अधिसूचना में उल्लिखित शीर्षों को छोड़कर विभिन्न शीर्षों के तहत विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है, अतः यह प्राधिकारी पर है कि उस शीर्ष पर ध्यान न देते हुए विचाराधीन उत्पाद के आयातों को शामिल करें जिसके तहत उसे आयात के समय सीमा शुल्क द्वारा वर्गीकृत किया गया है। प्राधिकारी के लिए इसका कोई कारण नहीं है कि वे अन्य सभी मामलों में अपनाए गए दृष्टिकोण से भिन्न दृष्टिकोण लें।

(घ) माननीय गुजरात उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहीं भी प्राधिकारी को सीमा शुल्क अधिसूचना में उल्लिखित इन दो शीर्षों तक ही शुल्क बढ़ाए जाने तक सीमित नहीं किया है। उपर्युक्त निर्णय में सीमा शुल्क प्राधिकारियों को केवल यह निर्देश दिया गया है कि वे उन शीर्षों के तहत आयातित सामानों पर पाटनरोधी शुल्क एकत्रित न करें जो दिनांक 13 मार्च, 2015 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 7/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) द्वारा शामिल नहीं है। माननीय उच्च न्यायालय ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को बदलने का कोई आदेश पारित नहीं किया है। माननीय उच्च न्यायालय ने किसी भी स्तर पर यह नियम भी नहीं दिया है कि सीमा शुल्क अधिसूचना में उल्लिखित सीमा शुल्क शीर्ष द्वारा शामिल न किए गए सामान उत्पाद क्षेत्र से अलग किए जाते हैं। यह इस कारण था कि न तो घरेलू उद्योग और न ही प्राधिकारी ने माननीय गुजरात उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाहियों में अपने तर्क दिए। चूंकि, घरेलू उद्योग को माननीय गुजरात उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाहियों में पक्षकार नहीं बनाया गया था, अतः वह माननीय गुजरात उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क देने या कोई उपर्युक्त आदेश के विरुद्ध कोई अपील दायर करने की स्थिति में नहीं था।

(ड.) प्राधिकारी के लिए अपनी इस सतत स्थिति से विचलन करने का कोई कारण नहीं है कि *"सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और शुल्क का निर्धारण विचाराधीन उत्पाद के विवरण के अनुसार किया जाएगा"*। प्राधिकारी की यह सिफारिशें पूर्णतः स्पष्ट हैं कि शुल्कों का निर्धारण विचाराधीन उत्पाद के विवरण के आधार पर निर्णीत किया जाएगा और सीमा शुल्क शीर्ष के आधार पर नहीं जो कि केवल संकेतात्मक प्रस्ताव के लिए है।

(च) वित्त मंत्रालय के लिए अपनी अधिसूचना में सीमा शुल्क शीर्षों को जोड़ने अथवा उनमें परिवर्तन करने में कोई बाधा नहीं है। कई सीमा शुल्क अधिसूचनाओं में विभिन्न कारणों से वित्त मंत्रालय द्वारा सीमा शुल्क शीर्षों में परिवर्तन किए गए हैं/संशोधन किए गए हैं।

(छ) दिनांक 30 दिसंबर, 2019 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 47/2019 में वित्त मंत्रालय ने प्रशुल्क शीर्ष में परिवर्तन की दृष्टि से छः पाटनरोधी मामलों से संबंधित पूर्व सीमा शुल्क अधिसूचना में संशोधन किया है। यह पूर्णतः उन्हें संशोधित सीमा प्रशुल्क के अनुरूप लाने के लिए किया गया है। यह सिद्ध करता है कि पाटनरोधी जांचों में शुल्क उत्पाद विवरण से शासित होते हैं न कि प्रशुल्क शीर्षों से।

(ज) वित्त मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी दिनांक 02 फरवरी, 2020 की अधिसूचना संख्या 10/2020 में प्रशुल्क वर्गीकरण में परिवर्तन के कारण सीमा शुल्क शीर्ष परिवर्तित किए गए हैं।

(झ) माननीय गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा प्राधिकारी पर अथवा वित्त मंत्रालय पर उस सीमा शुल्क अधिसूचना में सही शीर्ष उल्लिखित करने से कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है जिसके तहत विचाराधीन उत्पाद का वास्तविक रूप में आयात किया जा रहा है और सीमा शुल्क द्वारा इसे मंजूर किया जा रहा है।

(ट) प्राधिकारी से यह दोहराते हुए उन सभी प्रशुल्क शीर्षों को शामिल करने का अनुरोध है जिनके तहत संबद्ध सामानों का आयात किया जा रहा है कि *"सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और शुल्क का निर्धारण विचाराधीन उत्पाद के विवरण के अनुसार किया जाएगा।"*

(ठ) माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के संदर्भ में *"उत्तरदाता प्राधिकारियों को याचिकाकर्ता द्वारा आयातित उन सामानों के संबंध में निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क की मांग करने का कानून में कोई अधिकार नहीं है जो उल्लिखित प्रशुल्क मदों के तहत नहीं आते।"* उपर्युक्त मामलों में उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को सीमा शुल्क अधिसूचना के तहत शामिल न किए गए सामानों पर शुल्क एकत्रित करने से पक्षकार विशिष्ट राहत प्रदान की है। यह अत्यधिक अनुचित होगा यदि एक याचिकाकर्ता विशेष/आयातक को प्रदान की गई राहत सभी आयातों के लिए पाटनरोधी शुल्क के क्षेत्र को प्रतिबंधित करने के लिए आधार बने। यह उच्च न्यायालय के आदेश के निर्वचन के लिए पूर्णतः अवांछित होगा जो कि घरेलू उद्योग की सूचना के अनुसार यहां तक कि वित्त मंत्रालय भी नहीं अपना रहा है क्योंकि वे अन्य आयातकों से शुल्क निरंतर एकत्रित कर रहे हैं।

(ड) इस असंभावित स्थिति में कि प्राधिकारी घरेलू उद्योग के उपर्युक्त अनुरोधों से निश्चित नहीं है, प्राधिकारी से उन सभी शीर्षों को शामिल करने का अनुरोध किया गया है जिनके तहत चीन से शीट ग्लास के आयात स्पष्ट इस प्रावधान से हुए हैं कि मैसर्स अजंता एलएलपी से शुल्कों का संग्रहण 2015 की एससीए सं. 13496 में माननीय गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के अध्यधीन होगा जो कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय का सीमित प्रयोजन है।

(ढ) घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि 10 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 11/2018 में उल्लेख है कि जो हितबद्ध पक्षकार प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं करता, वह कानूनी अनुरोध दायर कर, सार्वजनिक सुनवाई में भाग लेकर, प्रकटन संबंधी टिप्पणियां दायर कर, जांच के अन्य चरणों में भाग लेने का हकदार होगा, बशर्ते कि उसने स्वयं को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राधिकारी के साथ पंजीकृत करा लिया हो। इस मामले में, यह विवादास्पद है कि मैसर्स अजंता एलएलपी ने प्राधिकारी के समक्ष पंजीकरण नहीं कराया है और इसीलिए वे उपर्युक्त व्यापार सूचना के खंड (iv) में निर्धारित पूर्वोदाहरण स्थिति को पूरा नहीं करते। ऐसे परिदृश्य में मैसर्स अजंता एलएलपी द्वारा किए गए अनुरोध प्राधिकारी द्वारा उपर्युक्त व्यापार सूचना के अनुसार नहीं माने जा सकते। न तो उपर्युक्त पक्षकार ने ही कोई अपवाद करने के लिए कोई तर्क दिया है और न ही प्राधिकारी ने इस मामले में किसी प्रकार के किसी विशेष विचार के लिए कोई आधार रिकार्ड किए। अतः मैसर्स अजंता एलएलपी के अनुरोध की अनदेखी की जानी चाहिए।

(ण) प्रकटन विवरण से यह नोट किया जाए कि चीन जन. गण. से असहयोगी उत्पादक तथा असहयोगी उत्पादकों का पाटन मार्जिन अत्यधिक है। यह घरेलू उद्योग के तर्क को सिद्ध करता है

कि शुल्क लगाए जाने के बावजूद चीनी निर्यातकों ने शुल्क खपाए और भारत में संबद्ध सामानों का पाटन जारी रखा। इसके मद्देनजर, शुल्क जारी रखना घरेलू उद्योग के बने रहने के लिए स्पष्ट है।

